कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मेलन केवल फसल सत्र की तैयारियों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श का मंच ही नहीं है, बल्कि राज्यों और केंद्र सरकार के बीच कृषि एवं किसानों के उत्थान के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलनों से राज्यों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और अभिनव प्रयासों की जानकारी साझा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां एवं कृषि जलवायु विभिन्न प्रकार की फसलों के उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। जोशी ने कहा कि खरीफ सत्र 2026 के लिए प्रदेश में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा बीज, खाद एवं उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत किसान लघु एवं सीमान्त श्रेणी के हैं, जिनकी छोटी एवं बिखरी हुई जोतों के कारण कृषिकीकरण एक बड़ी चुनौती है।

### 337 जैविक आउटलेट किए जा चुके हैं स्थापित

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य में परम्परागत कृषि विकास योजना एवं नमामि गंगे योजना के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक राज्य में लगभग 2.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल जैविक खेती के अंतर्गत आच्छादित किया जा चुका है, जो कुल कृषि क्षेत्रफल का लगभग 40 प्रतिशत है। जैविक उत्पादों के विपणन हेतु प्रमुख पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों पर 337 जैविक आउटलेट स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र पोषित राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत प्रदेश के 11 जनपदों में 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा "नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना" के अंतर्गत 1950 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कार्य प्रारंभ किया गया है।

## हीरक जयंती पर बीएसएफ ने किया वीरांगना सदभामा बहुगुणा को सम्मानित

**नई टिहरी।** 1971 के भारत पाक युद्ध मे बांग्लादेश को आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए विकासखण्ड प्रतापनगर क्षेत्र की पट्टी रौणद रमोली के नाग गांव निवासी एंव वीर सैनिक देवेंद्र दत्त बहुगुणा की पत्नी सदभामा बहुगुणा को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ )द्वारा हिरक जयंती के अवसर पर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल द्वारा अपने स्थापना वर्ष के 60 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल लंबगांव मे आयोजित सम्मान समारोह मे 83 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के कमांडिग ऑफिसर अरूण सिह गंगवार के अधीनस्थ अधिकारी हरीश चंद्र द्वारा सर्वोच बलिदान देकर शहीद हुए देवेंद्र दत्त बहुगुणा की पत्नी सदभामा बहुगुणा को यह सम्मान प्रदान किया गया।








दैनिक शाह टाइम्स के देहरादून संस्करण की 26वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं

वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के लिए अपील

- पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों को बचाएं।
- वनों के आसपास ज्वलनशील वस्तु न फेंके।
- वन क्षेत्र में आग की सूचना तत्काल विभाग को दें।
- वन व वन्यजीव संरक्षण में विभाग का सहयोग करें।

वन क्षेत्राधिकारी, ऋषिकेश



# डीएम अपूर्वा पाण्डे ने सम्भाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद की नवनियुक्त जिलाधिकारी अपूर्वा पाण्डे ने शुक्रवार पूर्वाह्न बागेश्वर पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।



कार्यभार संभालने से पूर्व उन्होंने प्रसिद्ध श्री बागनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर जनपद एवं जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचीं, जहां उन्होंने जिलाधिकारी बागेश्वर का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी अपूर्वा पाण्डे ने अधिकारियों से जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्राथमिक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

# मानवाधिकार आयोग ने लगाया शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग द्वारा जनपद में आयोजित दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार शिविर के समापन बेला पर आयोग के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनी गई। शिविर में आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधर सिंह धर्मशक्तु ने लोगों को राज्य मानवाधिकार आयोग की कार्यप्रणाली एवं विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तराखंड में सबसे कम शिकायतें बागेश्वर जनपद से आयोग को प्राप्त होती हैं, जबकि जिले में समस्याओं की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस बार बागेश्वर जनपद से आयोग को कुल सात शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जबकि तीन प्रमुख मामलों में आयोग ने अखबारों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए स्वतः कार्रवाई शुरू की। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन हो रहा है तो वह सीधे आयोग को शिकायत भेज सकता है। आयोग हरसंभव




सहायता के लिए तत्पर है। कार्यवाहक अध्यक्ष ने कहा कि मानवाधिकार व्यक्ति को जन्म से प्राप्त अधिकार हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1948 में मानवाधिकार व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली। आयोग में आने वाली शिकायतों की जांच आयोग अपने स्तर से आयोग की पुलिस के माध्यम से भी कराता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, एंबुलेंस जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें भी मानवाधिकार के दायरे में आती हैं। मानवाधिकार का पर्यावरण एवं जलवायु से भी सीधा संबंध है। जंगलों में आग लगने की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं और जिले में जागरूकता की कमी दिखाई देती है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने लोगों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, बाल श्रम, भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों से सजग रहने की अपील की। शिविर में अपनी समस्या बताते हुए गरुड़ निवासी मनोज प्रसाद ने जिला अस्पताल में ऑपरेशन के बाद चार वर्षों से न्याय न मिलने की बात रखी। कपकोट निवासी आनंद प्रकाश ने क्षेत्र के कई गांवों में सड़क सुविधा न होने का मामला उठाया। न्याय पंचायत बाछम क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने कोविड काल में मृत लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने की समस्या सामने रखी गई। आधार कार्ड संबंधी परेशानियों को भी लोगों ने आयोग के समक्ष रखा। इसके अलावा एडवोकेट गोविंद भंडारी ने जिले में जेल न होने से सरकारी धन के नुकसान की बात उठाते हुए जिला जेल निर्माण की मांग की गई। साथ मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए समिति का गठन न होने का मुद्दा भी शिविर में प्रमुखता से सामने आया। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि कई बार दूसरों की गलती का खामियाजा वाहन मालिकों को भुगतना पड़ता है। ऐसे मामलों को न्यायालय के समक्ष ले जाना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आयोग जनहित से जुड़े मामलों को गंभीरता से सुनेगा और आवश्यक कार्रवाई करेगा। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से दर्जनों लोग पहुंचे।

## एक नजर

### उत्साह और भाईचारे के साथ मनाई ईद

**बागेश्वर।** जिले में ईद उल अजहा का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह नदीगांव स्थित ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा की और देश व प्रदेश में सुख-शांति, भाईचारे तथा अमन-चैन की दुआ मांगी। मुफ्ती बिलाल ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने ईद उल अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देता है। नमाज के बाद ईद की मुबारकबाद देते लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर अन्य समुदायों के लोगों ने भी मुस्लिम समाज के सदस्यों को शुभकामनाएं देकर आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की। इस अवसर पर मोहीउद्दीन तिवाड़ी, फिरोज अख्तर, सलीम अहमद, अतीर असर, मोहम्मद हसीब, इकरार खान सहित कई गणमान्य अहमद, दानिश खान, राजा खान, रिजवान खान, मिक्की उपस्थित थे।

### समर कैंप में हुई विविध प्रतियोगिताएं

**बागेश्वर।** पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज में आयोजित समर कैंप के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं के लिए कला, संगीत, नृत्य और हस्तशिल्प आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प जागरूकता विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण में छात्राओं को जूट बैग, सॉफ्ट टॉय, मैक्रमे सजावटी वस्तुएं तथा केन-बंबू हस्तशिल्प बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद छात्राओं ने अपने तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई। कैंप में आरबीआई के एजीएम भरत आनंद और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सुखविंदर सिंह ने बैंकिंग और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य दीपचंद्र जोशी समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

### तेज गर्जना के साथ हुई ओलावृष्टि

**बागेश्वर।** जिले में पिछले दो दिनों से शाम होते ही आंधी, तूफान और बारिश का दौर जारी है। गुरुवार देर शाम कपकोट के कर्मी क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ हुई ओलावृष्टि ने लोगों को दहशत में डाल दिया। कई स्थानों पर कुछ देर के लिए सफेद चादर जैसी स्थिति बन गई। वहीं जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में गुरुवार शाम से शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। शुक्रवार सुबह मौसम साफ रहने और चटक धूप खिली रही, लेकिन शाम होते-होते फिर मौसम बदला और कई क्षेत्रों में तेज गर्जना के साथ बूंदाबांदी तथा कहीं-कहीं जमकर बारिश हुई। बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है, वहीं वन विभाग के लिए भी यह बारिश काफी राहतभरी साबित हुई। जंगलों में लगी आग काफी हद तक बुझ गई है। साथ ही वातावरण में फैली धुंध भी समाप्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

### सड़कों की बदहाली पर पूर्व विधायक गुस्सा

**बागेश्वर।** पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कपकोट क्षेत्र के कर्मी, तोली, बघर और बदियाकोट मोटर मार्गों की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें बदहाली का शिकार हैं, जबकि इंटरनेट मीडिया और सरकारी मंचों पर विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि जब जमीनी स्तर पर जाकर सड़कों की वास्तविक स्थिति देखी जाती है तो विकास के दावों की सच्चाई सामने आ जाती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क विकास के नाम पर खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपये आखिर कहां जा रहे हैं। टूटी और जर्जर सड़कें यह साबित करती हैं कि विकास के नाम पर केवल प्रचार किया जा रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ललित ने कहा कि कर्मी, तोली, बघर और बदियाकोट की सड़कें कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थीं, लेकिन वर्तमान सरकार और जनप्रतिनिधि इनके रखरखाव में पूरी तरह किल साबित हुए हैं।

### सूर्या रोशनी के महाप्रबंधक के पिता का निधन

**काशीपुर।** सूर्या रोशनी लिमिटेड महाप्रबंधक डॉ. प्रतोष मिश्रा के पिता सत्य सेवक मिश्रा जी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मैनपुरी उत्तर प्रदेश का वृहस्पतिवार को मेडिकल कॉलेज सैफई में सुबह इलाज के दौरान देहावसान हो गया था। उनके निधन पर शहर के गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में सूर्या रोशनी लिमिटेड प्लांट हेड शुभम चमोली, टेक्निकल हेड मनीष गुप्ता, संजीव कुमार, विकास राघव, आशुतोष मिश्रा, कौशलेश गुप्ता, साहित्य दर्पण संस्था अध्यक्ष जितेंद्र कुमार कटियार, शेष कुमार सितारा, विजेन्द्र चौधरी, सुरेन्द्र भारद्वाज, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, सीए सोमपाल प्रजापति, विवेक मानस, पुनीता कुशवाह समेत ब्रह्मण समिति सदस्य रहे।

### जीआरपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**काशीपुर।** काशीपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ संदिग्ध लोगों के सामान की तलाशी ली गई। जीआरपी काशीपुर चौकी प्रभारी तरन्नुम सईद ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की जा रही है। टीम ने कुछ संदिग्ध दिख रहे लोगों के सामान की चेकिंग की। बताया कि यात्रियों को अपने साथ ज्वलनशील वस्तु नहीं ले जाने के लिए कहा गया है। कहा कि जीआरपी की ओर से रोजाना स्टेशन पर यात्रियों के सामान की चेकिंग की जा रही है।

# मूलभूत विज्ञान शोध गतिविधियों की आधारशिलाः कुलपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित फैकल्टी इंटरेक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कुलपति प्रोफेसर शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की वास्तविक पहचान उसके शोध, नवाचार तथा समाजोपयोगी कार्यों से बनती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है तथा विश्वविद्यालयों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा। कुलपति प्रोफेसर कश्यप ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि नवीन ज्ञान सृजन, वैज्ञानिक




सोच एवं तकनीकी विकास का प्रमुख आधार भी है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान की विभिन्न विषयों यथा, अनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, पादप रोग विज्ञान, औद्यानिकी, सब्जी विज्ञान एवं कीट नियंत्रण आदि सभी में जैव प्रौद्योगिकी के सहयोग से एक उच्च गुणवत्ता वाले शोध, कम्प्यूटेशनल साइंस तथा पर्यावरण विज्ञान जैसे क्षेत्रों को आपस में जोड़कर ही सतत विकास के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मूलभूत विज्ञान सभी शोध गतिविधियों की आधारशिला है और मजबूत वैज्ञानिक समझ के बिना कोई भी तकनीकी नवाचार सफल नहीं हो सकता। विश्वविद्यालयों को ऐसे शोध कार्यों को बढ़ावा देना चाहिए जिनसे समाज, उद्योग तथा किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को मिलकर कार्य करना चाहिए ताकि समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजा जा सके तथा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय विकास में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सके। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कार्यवाहक अधिष्ठात्री, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. लक्ष्मी तिवारी ने महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संकाय सचिव डा. एसके दूबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संकाय सदस्यों द्वारा अनुसंधान कार्यों में आ रही कठिनाइयों से कुलपति को अवगत कराया गया।

## लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग

**काशीपुर।** काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) के अध्यक्ष ने रेल मंत्री को लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन चलाने के लिए पत्र लिखा है। 10 साल पहले ट्रेन चला करती थी जो बंद हो चुकी है। ऐसे में लखनऊ जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। वर्तमान में काशीपुर-लखनऊ मार्ग के लिए कोई सीधी दैनिक ट्रेन नहीं है और यात्रियों को मुख्य रूप से मुरादाबाद के माध्यम से या अन्य विशेष ट्रेनों से यात्रा करनी पड़ती है। केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने रेलवे मंत्री को पत्र भेजकर काशीपुर से लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग की है। बताया कि यह मांग काशीपुर की बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रियों की सुविधा के लिए की गई है क्योंकि लखनऊ एक प्रमुख प्रशासनिक और व्यावसायिक केंद्र है। काशीपुर में पूर्वांचल के काफी लोग रहते हैं।

## आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा लगवाते दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुरादाबाद रोड स्थित डिजाइन सेंटर के पास आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो एंड्रायड मोबाइल, एक बाइक और सट्टे पर लगाए गए 24450 रुपये नकद बरामद किये हैं। टांडा उज्जैन चौकी प्रभारी गणेश पांडेय ने बताया कि 27 मई की शाम गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शहजाद और आरिश निवासी मोहल्ला महेशपुरा आईपीएल पर सट्टा लगा रहे है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों के मोबाइल चेक करने पर स्क्रीन पर एक सट्टा वेबसाइट खुली हुई थी और व्हाट्सएप पर सट्टे के लेन-देन से जुड़ी चेटिंग और वाइस मैसेज मिले। आरोपी सट्टा लगाने वालों से कैश और ऑलाइन पैसे लेकर आइडी बनाते थे और बदले में पांच प्रतिशत कमीशन लेते थे।

# एसडीएम से सड़कों पर से होर्डिंग्स हटवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** हल्द्वानी रामनगर मुख्य मार्ग में टी-प्वांइट एवं रोडों के किनारे लगे होर्डिंग्स हटवाने के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधि मिले कालाढूंगी उपजिलाधिकारी से। शुक्रवार को ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया संयोजक अजय कंबोज के नेतृत्व में क्षेत्र की जनता ने कालाढूंगी उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार से मिलकर ज्ञापन देकर अवगत कराया कि रामनगर हल्द्वानी मार्ग में नयांगांव से लेकर छोई पुल तक अनेकों होर्डिंग्स आदि के लगे हुए हैं जिस कारण से अत्यधिक हादसे/दुर्घटनाए हो रही हैं तथा जान-माल का नुकसान हो रहा है। उक्त लगे अवैध होर्डिंग्स को मुख्य मार्ग के किनारे से हटाने एवं उचित कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान भाजपा कोटाबाग मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, हरीश डोडियाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। जिस पर एसडीएम सुधीर कुमार ने कारवाई के लिए कोतवाल अरुण कुमार सैनी को निर्देश दिए।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0 UK06-20050030295 में वर्ष 2005 से भूलवश मेरे पिता का नाम जगत्री लाल अरोरा अंकित हो गया है। जबकि सभी अभिलेखों एवं दस्तावेज़ों में वास्तविक नाम जगत्री लाल अंकित है।

हरी नारायन अरोरा पुत्र जगत्री लाल, वार्ड 11, सिद्धू मार्किट, किच्छा (उधम सिंह नगर)।

# शराब की दुकानों के विरोध में धरना, बंद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी के वार्ड नंबर 1 और 2 में स्थानीय महिलाओं और पुरुषों ने अंग्रेजी शराब की दुकान के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वार्ड 2 में खुली अंग्रेजी शराब की दुकान को जल्द से जल्द बंद कराया जाए, साथ ही क्षेत्र में खोले जाने की तैयारी कर रही देशी शराब की दुकान के खिलाफ भी प्रशासन कार्रवाई करे। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि रिहायशी इलाके में शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि रिहायशी कालोनी में शराब की दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से भी वार्ता की गई है और जल्द ही इन शराब की दुकानों को यहां से हटाया जाना चाहिए। वहीं हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत ने शासन-प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि शराब की दुकान खोलने की अनुमति देने से पहले क्षेत्र की स्थिति और स्थानीय लोगों की भावनाओं की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी एक शांतिप्रिय क्षेत्र है और यहां शराब की दुकान खुलने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार कर इसे जल्द वापस लेना चाहिए।

## बाबा के दर्शन को दिन भर लगी रही लोगों की कतार

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम में शुक्रवार को भक्तों की भीड़ रही। दिन भर जागेश्वर में शिव के जयकारे गुंजते रहे। बाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा। इस दौरान कई लोगों ने दर्शन कर सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। शुक्रवार को जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं, श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। हालांकि पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि पूजा अर्चना को मंदिर में सभी जरूरी सुविधाएं की गई हैं।

# स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** गाँव का गौरव सम्मान समारोह नामक एक कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज पाठक ने कालाढूंगी के चकलुवा स्थित एक स्कूल में स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में जनता उपस्थित रही।




भाजपा नेता मनोज पाठक ने कहा कि उनके द्वारा गाँव का गौरव सम्मान समारोह नाम से एक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें कालाढूंगी विधानसभा के विभिन्न नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अलग अलग क्षेत्रों जैसे आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, वरिष्ठ नागरिक, स्कूली बच्चे, समाजसेवी, डाक्टर, शिक्षक, महिला स्वयं सहायता समूह, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाता है जिससे कि उन लोगों को और अधिक ऊर्जा से जनता कि सेवा करने का अवसर मिले। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीणों कुछ समस्याएं हैं जो ग्रामीणों ने उनके समक्ष रखी हैं जिनमे से कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है और कुछ समस्याओं को शासन और प्रशासन से मिलकर जल्दी ही उनका समाधान कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने नवनिर्मित पुल के पास सोलर लाइट की मांग की है जिसे उनके स्वयं के द्वारा ही 1 दिन के अंदर ही लगा दिया जाएगा।

# राहुल गांधी के अल्मोड़ा दौरे को कामयाब बनाने में जुटे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा 2027 के चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर होने वाली है। वहीं, उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चार जून को राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को सफल बनाने का आह्वान किया।

नगर के होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने आईएमपीसीएल के निजीकरण का मुद्दा उठाया तो नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीतियों पर हमला बोला। कहा कि जिले के सल्ट मोहान स्थित आईएमपीसीएल दवा फैक्ट्री राज्य ही नहीं पूरे देश की विरासत थी। दवा फैक्ट्री से हजारों लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए थे। लगातार






लाभ में चल रही फैक्ट्री को सरकार ने अपने स्वार्थों के लिए एक निजी कंपनी को बेच दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी विरोध में एक घंटे का मौन उपवास रखेंगे। वहीं, यशपाल आर्य ने राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा। कैंची धाम में जाम को लेकर भी सरकार मौन रवैये को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने अल्मोड़ा में राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा। कहा कि राहुल गांधी की रैली ऐतिहासिक होगी। यहां प्रेस वार्ता में विधायक मनोज तिवारी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, महानगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

**रानीखेत।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 04 जून को प्रस्तावित अल्मोड़ा दौरे को लेकर विकासखंड भिकियासैंण में कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में अल्मोड़ा पहुंचने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी उत्तराखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि यह दौरा प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि महिला अपराध, बेरोजगारी, भर्ती घोटाले, महंगाई, अग्निवीर योजना, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, भ्रष्टाचार और पलायन जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर जनता में भारी आक्रोश है और राहुल गांधी लगातार आम जनता की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। माहरा ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चलाने और अधिकाधिक लोगों को सभा में शामिल करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी के विचारों से तेजी से जुड़ रही है। बैठक में संगठनात्मक तैयारियों, यात्रा व्यवस्था तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष देव गिरी ने की। यहां कैलाश पंत, दीपक बिष्ट, महिपाल सिंह, अंकिता पंत, दीपा कड़ाकोटी, भगवती रेखाड़ी, मोहन सिंह, नंदन सिंह रावत, चंद्रशेखर, ललित करगेती, नवीन जोशी, नरेंद्र नेगी बीडीसी, रुद्र माहरा, गणेश मावड़ी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मेयर बाली की मौजूदगी में सचिन बाठला ने भरा पर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने नगर पंचायत गढ़ीनेगी से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी सचिन बाढला के नामांकन कार्यक्रम में सहभागिता कर उन्हें शुभकामनाएं दी। महापौर श्री बाली ने कहा कि जनसमर्थन,




कार्यकर्ताओं के उत्साह और विकास के संकल्प के साथ भाजपा की विजय यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि गढ़ीनेगी की जनता मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों के पक्ष में अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विजय बॉबी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुम्बर, जिला प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश चावला, मनोज बाठला, मनीष चावला, पंकज छावड़ा, पं. मेलाराम शर्मा, विनोद सुधा, सुधीर बाठला, विनोद चावला, माधव ढींगरा, दीपक, राजन समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा व रानीखेत में बकरीद शांतिपूर्ण मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** जिलेभर में गुरुवार को ईद-उल-अजहा अकीदत भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाई गई। लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की और अमन की दुआएं मांगी। बाद में बकरों की कुर्बानी दी गई। गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में लोग कैंट स्थित ईदगाह पहुंचे। जहां शहरी इमाम ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। इस दौरान मजिस्दों में भी लोगों ने नमाज अदा कर देश की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने अपनी-अपनी सामर्थ के अनुसार बकरों की कुर्बानी दी। नगर के नियाजगंज, धार की तूनी, करबला स्थित मजार समेत आर्मी मैदान के पास ईदगाह में भी ईद की नमाज अदा की गई। कैंट स्थित ईदगाह के बाहर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद की नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले



मिलकर ईद की बधाई दी। छोटे बच्चों ने ईद पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सुबह से बच्चे नए कपड़े पहन ईद की नमाज अदा करने मजिस्दों और ईदगाह पहुंचे। इस मौके पर शहरी इमाम बहादुर अली, क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन सिंह रौतेला, रज्जाक अंसारी, पार्षद वैभव पांडे, जंग बहादुर थापा, नूर अली खान, नसीम अहमद, लियाकत अली खान, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रकाश चंद्र जोशी, शेखर लखचौरा, शहजाद कश्मीरी, अनूप भारती, जवीर, नासिर, मुमताज, रिहान, नाजिर, सलमान अंसारी, जब्बार खान, साबिर, कासिम हुसैन, नाजिर अली, सलमान खान, शहजाद हुसैन, बब्बर खान, हबीब अहदम, वाजिफ अली, जाहिद, यासिन, यासीर खान, कासीम खान समेत अन्य मौजूद रहे। इधर रानीखेत की जामा मस्जिद में ईद-उल-अज़हा (बकरा ईद) का पर्व इस वर्ष बेहद अकीदत, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। नए परिधानों में बच्चे, युवा और बुज़ुर्ग बड़ी संख्या में जामा मस्जिद पहुंचे और अल्लाह की इबादत में शामिल हुए। सुबह ठीक 9 बजे ईद की नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के दौरान पूरा वातावरण रूहानी एहसास और आपसी भाईचारे की भावना से सराबोर दिखाई दिया। पेश इमाम ने अपने बयान में ईद-उल-अज़हा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, सब्र, इंसानियत और अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का संदेश देता है। नमाज़ के बाद मुल्क की सलामती, अमन-चैन, तरक्की और आपसी सौहार्द के लिए विशेष दुआ कराई गई। साथ ही विश्व शांति और मानवता की भलाई की कामना भी की गई। नमाज़ के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी।

# शर्बत से बुझाई राहगीरों की प्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए चैती चौराहे पर नव शक्ति परिवार, पत्रकार प्रेस परिषद एवं समाजसेवियों के सहयोग से शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों ने शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई। कार्यक्रम की शुभारंभ गुरु की अरदास के साथ हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि आईटीआई कोतवाली के कोतवाल विक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ मिल सके और लोगों में सेवा भावना का विकास हो। इस दौरान अर्पित मेहरोत्रा, प्रीति अरोरा, पूजा शर्मा आदि सभी से पशु पक्षियों के लिए भी जल की व्यवस्था करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एड. हरदीप शर्मा, किशन गुप्ता, पुनीत कुमार शर्मा, जगदीश प्रकाश, पैट्रिक चरण बाबा, बकुल डोनाल्ड सहित अनेक पत्रकार एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रांसपोर्टर की मौत

- पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शुक्रवार तड़के किच्छा मार्ग पर ग्राम लालपुर में स्थित पैट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से गाड़ियों में तेल डलवाने आए क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित बुजुर्ग ट्रांसपोर्टर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



जानकारी के अनुसार आईडिया कालोनी लालपुर निवासी 66 वर्षीय प्रतिपाल सिंह पुत्र अवतार सिंह क्षेत्र के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट कारोबारी थे। बताया जाता है कि आज शुक्रवार प्रातः करीब चार बजे वह अपने वाहनों में तेल डलवाने के लिए लालपुर स्थित पैट्रोल पंप में आए हुए थे। इसी दौरान जब वह किसी कार्य के लिए सड़क किनारे खड़ी अपनी कार से उतरकर मुख्य मार्ग की ओर आए तो उसी दौरान तेज गति से जाते अज्ञात वाहन ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस हादसे में प्रतिपाल सिंह लहूलुहान होकर गंभीर अवस्था में सड़क पर गिर गए। घटना के बाद मौके पर उनके वाहनों के कर्मी आ पहुंचे और उन्होंने मामले की सूचना तत्काल उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन आ पहुंचे तब तक प्रतिपाल सिंह की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां आ गये और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक प्रतिपाल सिंह के दो पुत्र व एक पुत्री हैं जिनका विवाह हो चुका है। घटना की जानकारी मिलने पर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी सुशील गाबा आदि ने मोर्चरी पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि हाईवे अब सफर का रास्ता कम, मौत का गलियारा ज्यादा बनते जा रहे हैं। हर दिन किसी न किसी घर का चिराग बुझ रहा है, लेकिन व्यवस्था सिर्फ आंकड़े गिन रही है। कहीं टूटी सड़क, कहीं अधूरे डिवाइडर, कहीं अंधेरे में डूबे कट और बेसहारा जानवरों के रेलमपेल और ऊपर से ओवरलोड वाहन, बेलगाम रफ्तार और लापरवाह निगरानी से हाल बुरा हो चुका है।

# आपसी संघर्ष में हुई शावक की मौत

- सुरई रेंज में गश्ती टीम को मिला शावक का शव
- वन विभाग की टीम ने पूरे क्षेत्र में बढ़ाई निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सुरई रेंज में आपसी संघर्ष में एक बाघ के शावक की मौत हो गई। लगातार 24 घंटे के भीतर खटीमा क्षेत्र की दो अलग-अलग वन रेंजों में दो जंगली जानवरों की मौत होने से वन विभाग में चिंता बढ़ गई है।

अधिकारियों ने वन्यजीवों के बीच बढ़ रहे संघर्ष को गंभीर मानते हुए निगरानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हाथी गणना के दौरान किलपुरा रेंज में एक हाथी का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में हाथी की मौत आपसी संघर्ष में होना सामने आया था। इसके कुछ घंटों बाद सुरई रेंज में भी बाघ के शावक का शव मिलने से वन विभाग सतर्क हो गया।

वन विभाग की गश्ती टीम को कक्ष संख्या 55 में वन कर्मी राहुल और वन दरोगा राजू दास ने शावक का शव देखा। सूचना मिलते ही सुरई रेंजर आरएस मनराल, एसडीओ संचिता वर्मा और डीएफओ हिमांशु बागड़ी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। बाद में शव को सुरई गेस्ट हाउस लाया गया, जहां पशु चिकित्सक राहुल सती, हिमांशु पांगती की टीम ने पोस्टमार्टम किया। रेंजर आरएस मनराल ने बताया कि शावक के गले पर चोट के निशान मिले हैं और आसपास नर बाघ के पदचिह्न भी पाए गए हैं। इससे शावक की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग की टीम पूरे क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है।

## एक नजर

### उत्साह के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को ईद-उल-अजहा का पर्व बाजपुर क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



लोगों ने सामूहिक रूप से विशेष नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। इस दौरान बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर लोगों ने जरूरतमंदों की मदद कर पर्व की खुशियां साझा कीं। ईद को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस भी मुस्तैद नजर आई।

### समर कैम्प में बच्चों ने सीखी कला नृत्य एवं गायन की बारीकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजपुर प्रथम में संचालित सात दिवसीय समर कैम्प के अंतर्गत शुक्रवार को तृतीय दिवस पर भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषा की विविधता और एकता विषय पर आधारित गतिविधियों के साथ कला, संगीत, नृत्य एवं गायन की आनंदमय कक्षाएं संचालित की गईं। कैम्प में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कला व संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी बच्चे पूरे कार्यक्रम के दौरान काफी उत्साहित और आनंदित नजर आए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा, डोरी लाल, एपीएफ अमित चंद्रा, पृथ्वी राज पांडे, राजदीप कौर, शिवानी यादव (सीआरपी) तथा पंकज कुमार रस्तोगी सहित अन्य मौजूद रहे।




### अंगूठी लूट मामले के खुलासे को लेकर व्यापारियों ने किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विगत दिनों नगर में एक व्यापारी से दिनदहाड़े सोने की अंगूठी लूटकर फरार हुए आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। नाराज व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर एसएसआई विक्रम धामी का घेराव किया और मामले के शीघ्र खुलासे की मांग उठाई।



व्यापारियों का कहना था कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को तीन दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में घटना का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी कोतवाली गेट पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान व्यापारियों ने पुलिस से नगर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

### भाकियू ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर भगवंतपुर चौराहे पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया उसके उपरांत हाईवे भगवंतपुर चौक का नाम बदलकर चौधरी चरण सिंह चौक के बोर्ड लगाकर नाम बदला गया ।



इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में वरिष्ठ किसान नेता अमनप्रीत सिंह बताया कि उसके पश्चात किसानों द्वारा एक मासिक पंचायत की गई है जिसमें 16,17, 18 जून को हरिद्वार में किसान महाकुंभ कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई किसानों को खाद न मिलाना गन्ना मिल का बकाया पेमेंट स्मार्ट क्षेत्र में स्मार्ट मीटर ना लगाया जाए किसनो की ट्यूबेल की बिजली फ्री की जाए और किसानों को गन्ना मिल द्वारा इक हफ्ते का समय दिया गया था कि इक हफ्ते में किसानों का भुगतान के दिया जाएगा अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है जिसको लेकर 1 जून के बाद गन्ना मिल की धरना दिया जाएगा ।

### जून में होगा आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन का ब्लॉक सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन/ऐक्टू बाजपुर ब्लॉक कमेटी की बैठक में जून माह में ब्लॉक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आशा वर्कर्स की समस्याओं एवं उनके अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन की जिला उपसचिव अनिता अन्ना ने कहा कि देशभर में महिला स्कीम वर्कर्स की मेहनत का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स से स्वास्थ्य विभाग के छोटे-बड़े सभी कार्य कराए जाते हैं और उन्हें एक राज्य कर्मचारी से अधिक जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं, लेकिन अभी तक उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा और न्यूनतम वेतन तक नहीं मिला है। यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने कहा कि आशा वर्कर्स ने ऐक्टू के नेतृत्व में संगठित होकर अपने हक और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारी का दर्जा और न्यूनतम वेतन यूनियन की प्रमुख मांगें हैं तथा इन मांगों को मजबूत संगठन के बल पर ही हासिल किया जा सकता है। बैठक में राज्य उपाध्यक्ष रीता कश्यप, जिला उपाध्यक्ष बबीता कश्यप, जिला उपसचिव अनिता अन्ना, ब्लॉक अध्यक्ष अन्नू, ब्लॉक उपाध्यक्ष रेखा यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष पूजा शर्मा, जसपुर ब्लॉक कोषाध्यक्ष रेखा, निशा शर्मा, रूपेंद्र कौर, गीता सैनी एवं रूपकिशोरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अवैध खनन करते एक दस टायरा डम्पर को पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के डीएफओ एवं एसडीओ रामनगर के निर्देशन में रामनगर रेंज के रेंजर के नेतृत्व में रामनगर रेंज की टीम और सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा बंजारी द्वितीय गेट के समीप प्रतिबन्धित क्षेत्र में अवैध खनन करते हुए 01 दस टायरा डम्पर को पकड़ा गया।डीएफओ ने बताया कि वाहन को विधिक कार्यवाही के लिए गुलजारपुर वन परिसर में सुरक्षित खड़ा कर वन अभिरक्षा में लिया गया है। इस दौरान टीम में रामनगर रेंज के रेंजर डीएन सुनल,जगदीश पाण्डे,प्रमोद कुमार पन्त, तेजपाल,आमिर, अजय रावत, विक्रम कुटलाकोटी आदि शामिल रहे।

# बाल दिल रोग कैंप का दर्जनों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल की अध्यक्षता में जनपद उधम सिंह नगर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) रुद्रपुर में एक दिवसीय बाल ह्रदय रोग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें नारायणा हॉस्पिटल गुड़गांव के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास गुप्ता एवं DEIC रुद्रपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वसुधा मिश्रा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ढ

उक्त कैंप का आयोजन डॉक्टर डीपी सिंह ACMO/NHM के निर्देशन में किया गया। डा. केके अग्रवाल द्वारा कैंप में उपस्थित सभी बच्चों व उनके परिजनों को कैंप में दिए जा रहे विभिन्न उपचारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कैंप में 20 बच्चों को निशुल्क सुविधा प्रदान की गई।



हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा पांच बच्चों का परीक्षण एवं बच्चों को निशुल्क इको की जांच की सुविधा प्रदान की गई। बाल रोग विशेषज्ञ के द्वारा सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु मस्यूनी, जिला लेखा प्रबंधक डीएस भंडारी, आरबीएसके मैनेजर पुरनमल तथा DEIC स्टाफ कमलेश मिश्रा, पारुल,चन्द्ररवीर, रीमा, अंजलि आदि उपस्थित रहे।

# देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी यूनियन का गठन, पदाधिकारियों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद बाजपुर के सभागार में शुक्रवार को पर्यावरण मित्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद बाजपुर के समस्त पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।



इस दौरान सर्वसम्मति से देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी यूनियन का गठन किया गया। बैठक में यूनियन के पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। जिसमें सुरेश कुमार (लाला) को अध्यक्ष, सुरेश कुमार (मिल्ले) को उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार को महामंत्री, विनोद कुमार को मंत्री, बंटी कुमार को कोषाध्यक्ष तथा राजेश कुमार को प्रचार मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में नवगठित यूनियन के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा उनके हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर,गौ रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस,उत्तराखंड वाल्मिकी दलित समाज सुधार संगठन अध्यक्ष अनिल वाल्मिकी,अंकित, सुमित कुमार, संतोष कुमार, सीताराम तिवारी, शिवम यादव, जयदीप तिवारी, हिमांशु, दीपक आदि मौजूद रहे।

# दवा कारखाने को निजी हाथों में देने का विरोध जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ठेका मजदूर कल्याण समिति ने भारत सरकार के एकमात्र आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवा कारखाने, आईएमपीसीएल को निजी क्षेत्र की कंपनी 'स्काईमैप फार्मास्युटिकल' को बेचने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है।



समिति ने इस विनिवेश प्रक्रिया को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए आगामी 1 जून को सुबह11 :00 बजे कारखाने के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। शुक्रवार को कारखाने के गेट पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष किशन शर्मा ने कहा कि सल्ट क्षेत्र की श्लाइफलाइनश मानी जाने वाली आईएमपीसीएल को बेचना यहाँ के मजदूरों, कर्मचारियों और उन हजारों लोगों के पेट पर लात मारने जैसा है, जिनकी आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस संस्थान पर निर्भर है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने बजट घाटे को पूरा करने के लिए चालू वित्त वर्ष में 80 हजार करोड़ रुपये के विनिवेश का लक्ष्य रखती है, जिसके तहत आईएमपीसीएल जैसे लाभकारी संस्थान की नीलामी कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह केवल शुरुआत है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# शांतिपूर्वक मनी बकरीद, अमन चैन की मांगी दुआएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुस्लिम समाज द्वारा ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आज प्रातः नगर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अता की गई। मुख्य नमाज मौहल्ला खेड़ा स्थित ईदगाह में आयोजित हुई जहां जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिसवाही ने ईद की नमाज अता करवा कर देश व समाज में भाईचारा, अमन चैन व खुशहाली दुआयें की। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिल ईद की मुबारकबाद दी।

ईद उल अजहा (बकरीद) पैगम्बर इब्राहिम द्वारा अल्लाह के प्रति दिखाए गए सर्वोच्च त्याग और समर्पण की याद में मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार जब अल्लाह ने इब्राहिम की परीक्षा लेने के लिए उनके सबसे प्रिय पुत्र इस्माईल की कुर्बानी मांगी तो वह तैयार हो गए। जब इब्राहिम ने अपने आंखों की पट्टी हटाई तो देखा कि इस्माईल बिल्कुल सुरक्षित खड़े थे और उनकी जगह पर एक मेमने की कुर्बानी हो चुकी थी। इस त्यौहार का मुख्य सन्देश त्याग और बलिदान है। इससे पूर्व डाग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ते द्वारा ईदगाह परिसर का बारीकी से निरीक्षण भी किया गया। वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की देख रेख में सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह से चौकस रही। इस मौके पर जाहिद रजा रिजवी, बाबू खान, परवेज अहमद, सलीम खान, नदीम खान, शाहिद रजा, डा. शाहखान राजशाही, फखरूद्दीन, जावेद खान, अख्तर अली, लियाकत खान, अबरार हुसैन, उमर अली, फैजान अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कुर्बानी स्थलों पर रही पैनी नजर

**रुद्रपुर।** ईद उल अजहा पर्व के मौके पर नगर के सभी निर्धारित चारों कुर्बानी स्थलों पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की पैनी नजर बनी रही। कुर्बानी स्थलों के बाहर एसएसबी व पुलिस टीम तैनात रही तो वहीं नियुक्त किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट भी हर गतिविधियों पर पूरी निगाह रखे रहे। इस दौरान ड्रोन कैमरे से भी कुर्बानी स्थलों की वीडियोग्राफी की जाती रही।

नगर के चार स्थलों खेड़ा, सीरगोटिया, आदर्श कालोनी व सुभाष कालोनी में निर्धारित स्थलों पर कुर्बानी के लिए स्थान चिन्हित किये गये थे। जहां आज प्रातः ईद की नमाज के पश्चात मुस्लिम समाज द्वारा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप पशु की कुर्बानी की गई। इस मौके पर जिन अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया उनमें खेड़ा में जिला सैनिक कल्याण व पुर्नवास अधिकारी, सीरगोटिया में जिला पंचायत राज अधिकारी, सुभाष कालोनी में उप श्रमायुक्त व आदर्श कालोनी में जिला समाज कल्याण अधिकारी अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाते दिखे। सभी कुर्बानी स्थलों की ड्रोन की मदद से वीडियोग्राफी भी कराई गई।

वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे 108 वाहन से उपचार के लिए खटीमा नागरिक चिकित्सालय भेजा गया। ग्राम माला कॉलोनी गजरौला तहसील पीलीभीत निवासी राजीव कर्मकार पुत्र मनोज कर्मकार 22 वर्ष अपनी बाइक संख्या यूपी 26 एक्यू1350 से पीलीभीत की ओर से खटीमा आ रहा था। जैसे ही पोलीगंज के पास पहुंचा ही था खटीमा की ओर से आ रहे एक अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सत्रहमील पुलिस ने घायल को 108 वाहन से खटीमा नागरिक चिकित्सालय भेज दिया। इस दौरान मौके पर चौकी प्रभारी राकेश राय, कांस्टेबल दुर्गा नाथ, जगदीश नगर कोटी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण की भूमि पर खेती करने वाले कृषकों को नहीं मिलेगी खादः यादव

- मुख्य कृषि अधिकारी ने कृषि गोष्ठी में दिए महत्वपूर्ण निर्देश
- खाद की कालाबाजारी करने पर होगी सुसंगत धाराओं में कार्रवाई
- जिले व स्थानीय स्तर के सतर्कता दल द्वारा समय-समय पर की जाएगी जांच व निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्य कृषि अधिकारी ऊधम सिंह नगर डॉक्टर विकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में एक कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी फुटकर विक्रेता, सहकारिता विभाग, कृषक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। गोष्ठी में मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा सहकारिता व स्थानीय फुटकर विक्रेताओं को रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके सही उपयोग के साथ ही कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार भी उर्वरकों के सही उपयोग पर जोर दिया।

इस मौके पर समस्त किसानों को उर्वरकों का सीमित व वैज्ञानिक विधि के अनुसार ही उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव ने बताया कि एक हेक्टेयर से कम के काश्तकारों को जो लीज, बटाई, गिरवी, भू अभिलेख, पट्टे या स्टांप पेपर पर खेती कर रहे हैं उनको प्रथम चरण में पांच बैग यूरिया, तीन बैग डीएपी/एनपीके तथा लगभग 15 दिन के अंतराल पर द्वितीय चरण में तीन बैग यूरिया व एक बैग डीएपी/एनपीके, 6 बैग एसएसपी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त उर्वरक की मांग किए जाने पर जिला स्तरीय अधिकारियों से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर संवेदनशील जिला है यह जिला अंतरराष्ट्रीय तथा दूसरे प्रदेश की सीमाओं से भी लगता है इसलिए समय पर जिला स्तरीय व स्थानीय सतर्कता दल द्वारा जांच व निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरक आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत आता है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 में उर्वरकों की कालाबाजारी एक संज्ञेय अपराध है इसमें गैर-जमानती वारंट जारी होता है। इसलिए सबको सचेत व जागरूक किया जा रहा है। इस मामले में निगरानी के लिए समय-समय पर भ्रमण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अतिक्रमण की भूमि पर खेती करने वाले किसानों को उर्वरक व कृषि निवेश उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। वहीं सहायक कृषि अधिकारी कुंदन मनौला द्वारा कृषि निवेश केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले निवेशों जैसे बीज, खरपतवार नाशक, फफूंद नाशक, कीटनाशक, जैव रसायन एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग व उपलब्धता के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉक्टर वीके कुमार यादव, पादप सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर एनसी जोशी, सहायक कृषि अधिकारी कुंदन मनौला, मोहम्मद यासीन मलिक, संदीप कुमार, अमित कुमार पाण्डेय, ईश्वरी दत्त पाण्डेय, नवीन कन्याल, हर्षवर्धन तथा उर्वरक एवं पेस्टिसाइड्स एसोसिएशन खटीमा के अध्यक्ष राम लखन मौर्य सहित सभी फुटकर विक्रेता हुआ कृषकगण उपस्थित रहे।




# राज्य आंदोलनकारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आईएमपीसीएल मोहान फैक्ट्री का निजीकरण निरस्त करने की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने फैक्ट्री को बचाने के लिए लोगों से आगे आने की अपील की है।

शुक्रवार को राज्य आंदोलनकारियों ने आक्रोश व्यक्त कर एसडीएम कार्यालय के बाहर जबरदस्त नारेबाजी कर सरकार से निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की। एसडीएम की अनुपस्थिति में कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी कुंती रत्नाकर के माध्यम से प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। राज्य आंदोलनकारी,राज्य सेनानी आंदोलनकारी मंच के संयोजक चंद्रशेखर जोशी की अगुवाई में लोगों ने कहा कि आईएमपीसीएल मोहान सरकार को मुनाफा देने के अलावा हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रही है। कहा बेरोजगारी के कारण पलायन की मार झेल रहे सैकड़ो गांव पहले ही खाली हो चुके हैं, ऐसे समय में मुनाफा देने वाले सरकार के उपक्रम के निजीकरण कर प्राइवेट हाथों में दिए जाने से उत्तराखंड के लोगों,किसानों के साथ अन्याय होगा। इस मौके पर अनिल अग्रवाल खुलासा, पुष्कर दुर्गापाल, इंद्र सिंह मनराल, हाफिज सईद अहमद,योगेश सती, रईस अहमद, नईम चौधरी, डॉ निशांत पपनै , इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रूहेला, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिम्बाल, प्रगतिशील छात्र संगठन के रवि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कल्पतरू वृक्ष मित्र समिति और फायर स्टेशन टीम ने लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कल्पतरू वृक्ष मित्र समिति और फायर स्टेशन रामनगर की संयुक्त टीम ने फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत और कल्पतरु वृक्ष मित्र समिति के संयोजक अतुल मेहरोत्रा की अगुवाई में कल्पतरु वन में कई पौधे लगाए गए हैं।

फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत और कल्पतरु वृक्ष मित्र समिति के संयोजक अतुल मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि पेड़ पौधे हमारे लिए बहुत जरूरी है और यह हमे जीवन देते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों से हमे ऑक्सीजन,छाया,फल आदि मिलते हैं।कहा कि हमें हर साल छायादार और फलदार पेड़ पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान जितेंद्र पाल, पुष्कर सिंह पाल,नरेंद्र मेहता,विपिन कुमार,मनोज,देवेंद्र पाल आदि शामिल रहे।

# नवविवाहिता ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्रामीण क्षेत्र चिल्किया में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई,घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार ग्राम चिल्किया निवासी खीम सिंह की पत्नी मधु देवी ने शुक्रवार दोपहर घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के लोग घर के अन्य कामों में व्यस्त थे,जब काफी देर तक महिला दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा, जहां मधु फंदे से लटकी मिली। इसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी,सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है,मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया।

बताया जा रहा है कि मृतका मधु देवी का विवाह इसी वर्ष 9 फरवरी 2026 को हुआ था,शादी को अभी मात्र तीन महीने ही हुए थे,मधु का मायका जसपुर क्षेत्र में बताया जा रहा है।मृतका का भाई गुरुवार को ही उसे ससुराल छोड़कर गया था, घटना के बाद मायके पक्ष के लोग भी रामनगर पहुंच गए हैं,महिला की शादी को सात वर्ष से कम समय होने के कारण मामले में नियमानुसार नायब तहसीलदार कुंदन पुरी की मौजूदगी में पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की गई,वहीं पुलिस पूरे मामले के हर पहलू की जांच में जुट गई है।

मामले में कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतका के परिजनों की ओर से यदि कोई तहरीर दी जाती है तो उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार कुंदन पुरी ने बताया कि नियमानुसार शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है और मामले की जांच जारी है।

# कूड़ा उठा रहे सफाई कर्मचारी से मारपीट

- मामले में धरना व विरोध प्रदर्शन
- दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को लेकर कोतवाली में दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के खटीमा इकाई के सफाई कर्मचारियों ने बीते दिवस सफाई कर्मचारी के साथ हुई मारपीट मामले में जमकर अपना आक्रोश व्यक्त किया तथा नगर पालिका परिषद में कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए।

सफाई कर्मचारी संघ खटीमा इकाई की अध्यक्षा ग्रेस देवी ने खटीमा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम लगभग 7:30 बजे आउटसोर्स एजेंसी में कार्यरत ट्रैक्टर ड्राइवर तोताराम उर्फ अर्जुन इस्लामनगर नूरी मस्जिद के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में भरा कचरा व कट्टों में भरा मुंह बंद कचरा लेकर पुरानी तहसील में लाकर ट्राला में लोड कर रहा था। पीड़िता का आरोप है कि उसी समय एक संगठन के कुछ कार्यकर्ता वहां मौके पर आए तथा लाठी डंडा लेकर उक्त कर्मचारी के साथ बुरी तरह मारपीट की और गाली गलौज किया। वहीं उनका आरोप है कि उन्होंने मारपीट के साथ ही जान से मारने की धमकी दी और जाति सूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। तहरीर में बताया गया है कि कर्मचारी किसी तरह अपनी जान बचाकर थाने पहुंचा। वहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों द्वारा ड्यूटी के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का कार्य किया गया है। वहीं संघ की अध्यक्षा ने तहरीर सौंप कर संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

वहीं सफाई कर्मचारी संघ के नेता व भाजपा नेता संतोष गौरव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने तथा दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारी से मारपीट मामले में सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी निरीक्षक तथा सीओ मौके पर आए थे जिन्होंने हमारी समस्या को सुना तथा अधिशासी अधिकारी के माध्यम से तहरीर मांगी, जिस मामले में तहरीर दे दिया गया है और उन्होंने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर अनिल कुमार, विनोद कुमार, विक्रम, संजय, रवि, चंदन, महेश, मनोज, कमलेश, लक्ष्मी, अनीता, विनीता, रजनी, काजल तथा शालू आदि सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### एलायंस क्लब खटीमा ने चलाया धूम्रपान/तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एलायंस क्लब खटीमा द्वारा धूम्रपान एवं तंबाकू निषेध कार्यक्रम को वृहद रूप से मनाया गया, जिसमें स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत का भी संकल्प लिया गया। जन जन में जागरूकता लाने के लिए क्लब के सदस्यों ने कड़ी धूप में प्यार और समर्पण की भावना से खटीमा तहसील, कोतवाली, बाजार चौकी, जल निगम, बिजली घर, रिलायंस पेट्रोल पम्प आदि स्थानों पर तंबाकू और धूम्रपान निषेध के पोस्टर लगाए। क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र पारुथी, अध्यक्ष मनोज कन्याल, सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, पंकज टम्टा,मनोज भट्ट, दीपक चंद, नवनीत अरोरा आदि ने युद्ध स्तर पर इस कार्य में गति प्रदान की।



### पाटी नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में

**जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जिले की नगर पंचायत पाटी में प्रस्तावित निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी है।

जारी आदेश के अनुसार, राजकीय महाविद्यालय पाटी के प्राचार्य डॉ. आर.के. पाण्डेय को पूरे नगर पंचायत क्षेत्र का जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उनके नेतृत्व में चार मतदान केंद्रों एवं चार मतस्थलों पर चुनाव प्रक्रिया संचालित की जाएगी। निर्वाचन क्षेत्र को दो सेक्टरों में विभाजित करते हुए अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. के.सी. जोशी को वार्ड संख्या 01 और 02 का सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उनके अधीन दो मतदान केंद्र और दो मतस्थलों की व्यवस्थाएं रहेंगी।

वहीं, वार्ड संख्या 03 और 04 की जिम्मेदारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार को सौंपी गई है। वे अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों एवं मतस्थलों की निगरानी कर चुनाव प्रक्रिया को सुचारु बनाएंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी नामित अधिकारियों को तत्काल अपने-अपने क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करने, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराया जाएगा।

### कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप कोतवाली पुलिस ने 155 पाउच कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ट्रांजिट कैंप कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक सौरव कुमार भारती पुलिस टीम के साथ शांति व्यवस्था को लेकर गस्त पर थे। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग चक्की के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 155 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमंत पुत्र करतार सिंह निवासी सुभाष नगर कॉलोनी थाना ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

पुलिस टीम में उप निरीक्षक सौरव कुमार भारती के साथ चंद्र प्रकाश बवाड़ी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल जगमोहन गौड़ शामिल रहे।

### धर्म परिवर्तन मामले में वांछित आरोपी संदीप गिरफ्तार, धार्मिक दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने धर्म परिवर्तन मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त संदीप सिंह राणा (निवासी सबौरा) को जसरी-पटपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने दो जन्म प्रमाण-पत्र, दो आधार कार्ड की छायाप्रतियां, ऑर्डिनेशन सर्टिफिकेट, मैरिज लाइसेंस और बैचलर इन थियोलॉजी की डिग्री समेत कई महत्वपूर्ण धार्मिक दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह दान सिंह और कमलजीत के संपर्क में आकर ईसाई धर्म से जुड़ा था और वर्ष 2019 में अपनी पत्नी का बपतिस्मा भी करा चुका है। आरोपी के खिलाफ खटीमा कोतवाली में उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस इस धर्म परिवर्तन नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरों की तलाश में जुट गई है और आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है।



### मीठे रीठे के चमत्कार से गूंजा रीठा साहिब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** दुनिया में मीठे रीठे के चमत्कार के लिए प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में तीन दिवसीय सालाना जोड़ मेले का पारंपरिक शुभारंभ हो गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती ने विधिवत उद्घाटन कर मेले की शुरुआत की। इस दौरान एसडीएम नितेश डांगर, वीडीओ मोनिका पाल, तहसीलदार चंद्रा सिंह हरकोरिया, गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह, दिल्ली से आए बाबा सुरेंद्र सिंह, ट्रस्टी अजीत पाल सिंह, मलकीत सिंह, अजीत सिंह, गुरुवंत सिंह (सोनी), दलजीत सिंह, हीरा सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

देश-विदेश से पहुंचे सिख संगत ने सीडीओ एवं प्रशासनिक अधिकारियों का भावपूर्ण स्वागत किया। सीडीओ डॉ. खाती ने दीवान हाल में माथा टेककर उत्तराखंड राज्य की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर दिल्ली के कारसेवा प्रमुख बाबा गुरुवचन सिंह ने संगत को आशीर्वाद दिया। वहीं बाबा सुरेंद्र सिंह, बाबा श्याम सिंह और गुरुद्वारा समन्वयक अजीत पाल सिंह ने सीडीओ डॉ. जी.एस. खाती तथा एसडीएम नितेश डांगर को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। बाबा गुरुवचन सिंह ने कहा कि दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक मेले में चंपावत जिला प्रशासन और पुलिस हर वर्ष उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करते हैं, जिसके लिए संगत सदैव आभारी रहेगी। मुख्य अतिथि डॉ. जी.एस. खाती ने कहा कि गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब के कारण चंपावत जिले को देश-विदेश में विशिष्ट पहचान मिली है। यहां आने वाले श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सिख धर्म मानव कल्याण और सेवा का संदेश देता है तथा जहां भी मानवता को सहायता की आवश्यकता हुई, वहां सिख समाज ने सबसे पहले पहुंचकर सेवा धर्म निभाया। उन्होंने गुरु नानक देव जी महाराज से जुड़ी मान्यता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके चरण पड़ने से यह स्थान पवित्र तीर्थ बना और उनकी आध्यात्मिक शक्ति से कड़वे रीठे में मिठास आ गई। साथ ही लधिया नदी के अहंकार को समाप्त करने के लिए छोटी रतिया नदी को शक्ति प्रदान की गई थी। गुरुद्वारे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की लड़ी निरंतर जारी है। दीवान हाल में गुरुवाणी और शबद कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। तीर्थयात्रियों के आने-जाने का सिलसिला लगातार जारी है। स्थानाभाव के चलते श्रद्धालु मत्था टेकने और लंगर छकने के बाद अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह के अनुसार अब तक करीब 50 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। सीडीओ ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। नवनिर्मित पार्किंग स्थल में सुगम पार्किंग व्यवस्था से श्रद्धालु बेहद खुश नजर आए। वहीं आवागमन के लिए लधिया नदी पर अस्थायी पुल बनाया गया है। पेयजल, विद्युत, चिकित्सा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बिहार के पटना साहिब से मुखिया रंजीत सिंह भी मेले में पहुंच चुके हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# बेरिया दौलत में श्मशान घाट का निर्माण कार्य प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बेरिया दौलत में वर्षों से लंबित शमशान घाट निर्माण की मांग को लेकर आज एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया गया। चयनित स्थल पर जेसीबी लगाकर साफ-सफाई कार्य प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक लगभग 12 से 13 हजार आबादी वाला यह क्षेत्र शमशान घाट निर्माण की प्रतीक्षा कर रहा था। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या द्वारा धनराशि स्वीकृत किए जाने एवं जिला पंचायत सदस्य युवा नेता सोनू शर्मा के सहयोग से जमीनी विवाद का समाधान संभव हो पाया, जिसके चलते अब यह कार्य धरातल पर उतर रहा है।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द भूमि पूजन कर शमशान घाट निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य रूपेंद्र सिंह,मंजीत, रोशन सरना, अशोक मेहता, करनेल सिंह, हरजींदर तुली, सेठ मेहता, पप्पू जिगर, लखविंदर सिंह, बबलू गौतम, गौरव सिंह, रोहित चोपड़ा, लड्डी चोपड़ा, हरभजन सिंह, मुकुंद शुक्ला, रेशम यादव, सुभाष शर्मा, सौरव तुली, किशोर मेहता सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा का हुआ विकास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने भारत सरकार तथा राज्य सरकार के दिशा निर्देश में आयोजित समर कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान तृतीय दिवस की गतिविधियों में संगीत, नृत्य, पेंटिंग आदि गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें गीत गाना, स्थानीय वाद्य यंत्रों की जानकारी, डांस स्टेप्स, स्थानीय कलाकारों को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित कर बच्चों के ज्ञान को अपडेट किया गया।

कार्यक्रम सीईओ मानसिंह, डाइट प्राचार्य दिनेश खेतवाल, बीईओ भारत जोशी, घनश्याम भट्ट, संजय भट्ट, कमल भट्ट तथा जनपदीय भाषा समन्वयक डॉ लक्ष्मी शंकर यादव की देखरेख में पूरे जनपद में आयोजित किया जा रहा है। डा. यादव ने बताया कि पूरे जनपद में विद्यालयों द्वारा इसे प्राथमिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाई गतिविधियों में कुशल बनाना है। भारतीय भाषा समर कैंप में राउप्रावि फोर्ती, ईजड़ा, राप्रावि देवीधार राउमावि कोठेरा,राउमावि बुगाबीड, लुवाकोट, राउप्रावि टनकपुर, राइंका कामाजुला, राइंका मछियाड़,राइंका बरदाखान, राइंका डोबाभागू द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया जा रहा है।

### भाषाई विविधता को दे रहे हैं बढ़ावा

चंपावत। जूनियर हाईस्कूल फोर्ती में विभागीय निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन भाषा उत्सव मनाया जा रहा है। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 'भारतीय भाषा समर कैंप' की शुरुआत के साथ इस विद्यालय में भी खेल-खेल में अपनी मातृभाषा और अन्य भाषाओं में सामान्य बोलचाल के शब्द सिखाए जा रहे हैं।

विद्यालय प्रभारी लक्ष्मण सिंह मेहता ने बच्चों को बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत समर कैंपों में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने हेतु भारतीय भाषाओं और लोक कलाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अध्यापिका जया जोशी ने आज हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी, कुमाऊंनी , गढ़वाली, पंजाबी, तेलगु, मराठी, भोजपुरी में सामान्य बोलचाल के शब्दों का अभ्यास कराया।

# मंदिर व शहीद स्थल के समीप मांस मिलने की घटना से आक्रोश

- आक्रोशित कांग्रेसियों व क्षेत्र वासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई व डंपिंग जोन हटाने की लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर उर्फ बॉबी राठौर के नेतृत्व में और आक्रोशित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों ने मुख्य चौक के समीप स्थित शनि मंदिर के पास मांस मिलने की घटना तथा पुराने तहसील परिसर में बने डंपिंग जोन को हटाने की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी खटीमा को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मुख्य चौक के पास प्राचीन शनि मंदिर के पीछे पुराने तहसील परिसर में नगर पालिका द्वारा बनाए गए डंपिंग जोन में बीते दिवस मांस मिलने की घटना प्रकाश में आई है। यह घटना हिंदू धर्म की आस्था और धार्मिक भावनाओं के साथ गंभीर खिलवाड़ है जिसको लेकर क्षेत्र वासियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के पास ही शहीद स्मारक स्थल है जो हमारे वीर शहीदों की स्मृति और सम्मान का प्रतीक है ऐसी जगह पर पूरे नगर का कूड़ा डाला जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और शहीदों के सम्मान का भी अपमान है। उन्होंने मांस मिलने की घटना की तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने, शहीद स्मारक एवं प्राचीन शनि मंदिर के समीप समीप बनाए गए डंपिंग जोन को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने तथा भविष्य में धार्मिक स्थलों एवं शहीद स्मारकों की गरिमा बनाए रखने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज टम्टा, मनोज कोहली, विनोद चंद, रोहित शर्मा, अनिल विश्वकर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार, मोहम्मद गुफरान, प्रमोद कश्यप, राजकुमार, नंदकिशोर तथा करन सिंह आदि के नाम शामिल थे।

# बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार के द्वारा दिए गए स्पष्ट दिशा निर्देशों के क्रम में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण में सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा सभी राजनीतिक दलों के नियुक्त बीएलए को विशेष गहन पुनरीक्षण की वैधानिकता, आवश्यकता तथा एसआईआर के पिछले इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर श्री उपाध्याय द्वारा नियुक्त बीएलए की सभी शंकाओं का समाधान किया तथा मतदाता सूची के आगामी गहन पुनरीक्षण में बीएलओ की मदद करने हेतु प्रेरित किया ताकि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। प्रशिक्षण में एईआरओ, सुपरवाइजर आदि ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता श्री उपाध्याय ने एसआईआर की पूरी प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ ही मतदाताओं की मैपिंग, विभिन्न प्रकार की विसंगतियों के प्रकार एवं कारण, उनके निराकरण के उपाय, नए मतदाताओं के नामांकन की प्रक्रिया साथ ही बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं को वितरित किए जाने वाले गणना प्रपत्रों को स्कैन कर डिजिटाइज करने एवं प्राप्त प्रपत्रों को डिजिटल रूप में अपलोड करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा बीएलओ के कार्य दायित्व, बंद पाए जाने वाले घरों में कम से कम तीन बार फील्ड विजिट अनिवार्य रूप से किए जाने, कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह जाए आदि पर विशेष फोकस किया गया। अंतिम सत्र में प्रपत्र 6,7,8, एनेक्जर 4 सहित इन्यूमरेशन फार्म आदि भरना सिखाया गया। प्रशिक्षण में तहसीलदार भीम सिंह कुटियाल सहित सभी एईआरओ आदि उपस्थित थे।

# श्रीनगर में बस अड्डे के पास विकसित होगी नई पार्किंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा के बढ़ते दबाव और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल और प्रशासन ने शहर को एक बार फिर व्यवस्थित यात्रा पड़ाव के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। महापौर आरती भंडारी की पहल पर श्रीनगर मुख्य बस अड्डे के समीप खाली भूमि का समतलीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस स्थान को पार्किंग के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे चारधाम यात्रियों, स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



**निगम ने शुरू कराया भूमि समतलीकरण**

नगर निगम द्वारा शुरू की गई इस कार्रवाई के दौरान आसपास की दुकानों द्वारा फैलाई गई गंदगी पर भी सख्ती दिखाई गई और चालानी कार्रवाई की गई। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रीनगर में व्यवस्था बनाए रखना और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। चारधाम यात्रा के इस सीजन में लंबे समय बाद श्रीनगर गढ़वाल की रातें फिर से जगमगाने लगी हैं। कहा कि प्रशासन द्वारा रात में वाहनों के ठहराव की व्यवस्था किए जाने के बाद शहर के होटल, रेस्टोरेंट, चाय-नाश्ते की दुकानें, फल विक्रेता और छोटे कारोबारी फिर से सक्रिय नजर आने लगे हैं।

वर्षों बाद यात्रा सीजन में बाजार देर रात तक गुलजार दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, श्रीनगर गढ़वाल कभी बद्रीनाथ और केदारनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वाहनों के सीधे आगे बढ़ने और यात्रा में बदलाव के कारण शहर में यात्रियों का ठहराव कम हो गया था। इससे स्थानीय व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ा। अब प्रशासन और मेयर आरती भंडारी की नई रणनीति से शहर की पुरानी पहचान लौटती दिखाई दे रही है। वहीं स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन और नगर निगम की इस पहल का स्वागत किया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि यात्रा सीजन में व्यवस्थित पार्किंग और यात्रियों का रात्रि ठहराव श्रीनगर में बढ़ता है तो होटल व्यवसाय, रेस्तरां, परिवहन और छोटे कारोबारों को नई ऊर्जा मिलेगी। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, अधिशाषी अभियंता पवन कोठियाल, पार्षद दीपक कुमार सहित आदि मौजूद थे।

### युवक से स्मैक बरामद, गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4.13 ग्राम स्मैक बरामद की, जिसकी बाजार कीमत करीब 1.24 लाख रुपये बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपदभर में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि बुधवार को पुलिस टीम ने एनआईटी श्रीनगर के समीप वाहनों की जांच के दौरान युवक के कब्जे से 4.13 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया कि मौके पर लक्की भंडारी (26) निवासी भक्तियाना, श्रीनगर को मौके से गिरफ्तार किया गया।

### श्रीनगर में किशोरियों को सेनेटरी नेपकिन बांटे

**श्रीनगर।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर बेस चिकित्सालय श्रीनगर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन भी वितरित किए।


**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून**

पत्रांक: 853/अभि०/2026-27 दिनांक: 29/05/2026

**ई-निविदा सूचना**

उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में "ए" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से उत्तराचल प्रेस क्लब हेतु बहुउद्देशीय भवन निर्माण हेतु टू-बिड के आधार पर ई-निविदा दिनांक 22.06.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार / फर्म जो क्वालीफाई कर रहे हो वह उत्तराखण्ड की वेबसाईट uktenders.gov.in में उपरोक्त तिथि एवं समय तक निविदा अपलोड कर दिनांक 23.06.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक हार्ड कॉपी जमा कर सकते है। अन्य निविदा की विस्तृत शर्ते प्राधिकरण की वेबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है, यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उसकी सूचना उक्त वेवसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।**



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्कर राज जैन पुत्र श्री अमर नाथ जैन, आशीष जैन पुत्र श्री पुष्कर राज जैन एवं किरण जैन पत्नी श्री पुष्कर राज जैन, वर्तमान में M/s Kiran Foods, खसरा नम्बर 49 मिन, सितारगंज रोड, ग्राम भंगा, तहसील किच्छा, उधम सिंह नगर, फर्मके भागीदार हैं तथा श्रीमती नीलम जैन, पत्नी श्री श्याम सुन्दर जैन, निवासी AGM-69, गल्ला मण्डी, वार्ड नं.-10, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, दिनांक 31.03.2024 से फर्म की भागीदारी से Outgoing/ Retired Partner हो चुकी हैं तथा उनका फर्म के कार्यो एवं संचालन से कोई संबंध शेष नहीं है।

**कृते - M/s Kiran Foods**
**Office at:- Jain Amar Industries Compound, Village-Shimla Pistor, Po Lalpur, (Udham Singh Nagar) Uttarakhand -263148**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक- 289/नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक 23/5/2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संसोधन किया जाना प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का दर्ज नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री रहीसुद्दीन हुसैन पुत्र श्री सिकन्दर हुसैन | भवन संख्या 333 वार्ड नं. 4 टनकपुर | श्री बलदेव प्रसाद पुत्र श्री नानक चन्द | श्री रहीसुद्दीन हुसैन पुत्र श्री सिकन्दर हुसैन | आवेदन मय वय इकरारनामा |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयअवधि प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 6 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत**

पत्रांक- 293/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक 23/5/2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संसोधन किया जाना प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का दर्ज नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती गीता पन्त पत्नी श्री नन्दा बल्लभ पन्त | भवन संख्या 132 वार्ड नं. 4 टनकपुर | श्री नन्दा बल्लभ पन्त पुत्र श्री मोहन चन्द्र | श्रीमती गीता पन्त पत्नी श्री नन्दा बल्लभ पन्त | आवेदन मय श्री नन्दा बल्लभ पन्त का मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, श्री युगल किशोर पन्त पुत्र श्री नन्दा बल्लभ पन्त का अनापत्ति शपथ पत्र, श्री प्रयाग पन्त का अनापत्ति शपथ पत्र, आधार कार्ड, गृहकर रसीद |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयअवधि प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 6 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जबाव

## चंपावत के कथित सामूहिक दुष्कर्म का मामला, अगली सुनवाई 15 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चंपावत में 5 मई 2026 की रात एक युवती के साथ हुए तथाकथित सामूहिक दुराचार की घटना की साजिश करने के आरोप में गिरफ्तार आनंद सिंह महरा की जमानत याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जबाव पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। मामले की अगली सुनवाई अब 15 जून को होगी। बता दें आरोपी आनंद सिंह महरा की जमानत याचिका निचली अदालत द्वारा खारिज कर दी गई है जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान मामले के कानूनी पहलुओं और एक ही घटना चक्र को लेकर पुलिस द्वारा दर्ज की



गई एक से अधिक प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुएए न्यायालय ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर इस पर अपनी विस्तृत लिखित आपत्ति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले के अनुसार 5 मई 2026 की रात चंपावत में एक लड़की समीप के गांव में शादी समारोह में गई थी। जहां दूध की डेयरी के पास वह नग्नावस्था में मिली थी उसके हाथपांव बांधे हुए थे। जिसकी रिपोर्ट लड़की के पिता ने 6 मई को दर्ज कराई थी । शुरुआत में पुलिस ने इस घटना में पूरन रावत, विनोद रावत व नवीन रावत की संलिप्तता की संभावना जताई लेकिन मेडिकल जांच में युवती के साथ दुराचार व जबरदस्ती न होने की पुष्टि हुई। जांच में कमल रावत व उसकी महिला मित्र अर्जिता राय द्वारा इस प्रकरण को साजिश के तहत सामूहिक दुराचार का रूप देने पर उन्हें गिरफ्तार किया और उनसे पूछताछ के बाद इस साजिश में आनंद सिंह महरा का नाम भी उजागर हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया था। जिसमें याचिकाकर्ता के खिलाफ पाक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं और भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) (आपराधिक साजिश) सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। याचिकाकर्ता आनंद सिंह महरा 13 मई 2026 से ही न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद हैं। कोर्ट में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जोरदार तरीके से तर्क दिया कि पुलिस द्वारा एक ही घटनाक्रम को तोड़ मरोड़ कर और द्वेषवश राजनी. तिक व प्रशासनिक दबाव में याचिकाकर्ता को फंसाने के लिए एकाधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं जो स्थापित कानूनी सिद्धांतों के खिलाफ है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष मुखय तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष द्वारा तैयार की गई पूर्व नियोजित साजिश और बलात्कार के मामले की पूरी कहानी पूरी तरह से निराधार और राजनीति से प्रेरित है। अधिवक्ता ने जोर देकर कहा कि याचिकाकर्ता क्षेत्र का एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता है जिसने एक लापता लड़की की खोज और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया व सार्वजनिक मंचों पर आवाज उठाई थी। इसी जनहित के कार्य और स्थानीय ग्राम प्रधान के चुनावों को लेकर चल रही पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करके याचिकाकर्ता को इस झूठे काउंटर. केस में फंसाया गया है। उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता और इन कानूनी विसंगतियों को देखते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का समय दिया है तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 जून की तिथि नियत की है।

### 7 अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में हुए नामित

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 16 तथा उत्तराखंड हाईकोर्ट (डिजिग्नेशन ऑफ सीनियर एडवोकेट्स) रूल्स 2018 के तहत 7 अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित करने की अधिसूचना जारी की है। बता दें जिन अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया है उनमें बीडी कांडपाल, आर एस सम्मल, लोकेंद्र डोभाल, अमित भट्ट, सत्येंद्र सिंह लिंगवाल, विजय भट्ट तथा जगजीत सिंह विर्क शामिल हैं। न्यायालय की ओर से जारी इस निर्णय को कानूनी क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है तथा अधिवक्ताओं के लंबे अनुभव और न्यायिक योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया है।

### हाईकोर्ट ने सुना विधान सभा सचिवालय का पक्ष

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने विधान सभा सचिवालय से बर्खास्त कर्मचारियों के मामले पर सुनवाई की। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने हटाए गए कर्मचारियों का पक्ष सुनने के बाद विधान सभा सचिवालय का भी पक्ष सुना। विधान सभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि जितनी भी अवैध नियुक्तियां की गई थी विधान सभा ने उन्हें नियमों के तहत हटाया गया है, जो नियुक्तियां की गई बिना नियमावली के ध्यान में रखते हुए की गई थी जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु अब 2 जुलाई की तिथि नियत की है। आज बर्खास्त कर्मचारियों की ओर सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता देव दत्त कामत और रविन्द्र बिष्ठ ने पैरवी की।

### सरकार पहले उपनल संविदा कर्मियों को दे न्यूनतम वेतनमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षों से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नहीं करने और उन्हें चयनित वेतनमान नहीं दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि इनको पहले न्यूनतम वेतनमान दिया जाए। मामले की अगली सुनवाई 9 जून की तिथि नियत की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा गया कि इनकी जगह जो नई नियुक्तियां की जानी हैं वह सरकार ने वापस ले ली हैं। शर्त यह रखी है कि ये अन्य कर्मचारियों की भांति अन्य मांग नहीं करेंगे। सरकार उन्हें न्यूनतम वेतनमान देने को तैयार है। संविदा कर्मचारी संघ की तरफ से यह भी कहा गया कि वर्ष 2013 की नियमावली के तहत सरकार ने स्कंद पुष्प केंद्र में लगे उपनल कर्मचारियों को नियमित किया था उसी के आधार पर उन्हें भी नियमित किया जाए। मामलो को कैबिनेट में रखने की क्या जरूरत है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार से कहा कि पहले इन्हें न्यूनतम वेतनमान दिया जाय। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष उनका पक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के सम्बंध में एक आदेश जारी किया था लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। न ही इसे उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन मुख्य सचिव उत्तराखंड की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

### बकरीद की छुट्टी के बाद नैनीताल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

**नैनीताल।** ईद की छुट्टियों के बाद शुक्रवार को सरोवर नगरी नैनीताल पूरी तरह पर्यटकों के रंग में रंगी नजर आई। सुबह से ही शहर की सड़कोंए बाजारों और पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी। तल्लीताल से मल्लीताल तक मालरोड पर पर्यटकों की चहल-पहल देर शाम तक बनी रहीए जबकि पंत पार्क और नैनीझील किनारा लोगों से गुलजार रहा। शुक्रवार को सुबह से नैनीताल में पर्यटकों की आवक रही। नैनीझील में नौकायन के लिए पर्यटकों की लंबी कतारें लगी रहीं। रंग-बिरंगी नौकाओं में बैठकर परिवार युवा और बच्चे झील की खूबसूरती का आनंद लेते दिखाई दिए। झील किनारे सेल्फी लेते पर्यटक और मालरोड पर घूमते लोगों ने शहर की रौनक को और बढ़ा दिया। होटलए रेस्टोरेंट और स्थानीय कारोबारियों के यहां भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। वीकेंड और छुट्टियों के चलते शहर में भारी भीड़ की आशंका पहले से थी। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को लेकर पहले ही सख्ती बरती थी। बाहरी जनपदों से आने वाले दोपहिया वाहनों पर रोक लगाए जाने का असर भी साफ दिखाई दिया। अन्य दिनों की तुलना में शहर में यातायात अपेक्षाकृत व्यवस्थित रहा और लंबे जाम की स्थिति नहीं बनी। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस और यातायात कर्मी लगातार मुस्तैद रहे। पार्किंग स्थलों से शटल सेवा के जरिए पर्यटकों को शहर भेजा गयाए जिससे मुख्य मार्गों पर दबाव कम रहा। एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि पर्यटन सीजन और वीकेंड को देखते हुए विशेष यातायात प्लान लागू किया गया है। बाहरी दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध और डायवर्जन व्यवस्था से यातायात सुचारू बना हुआ है। उन्होंने पर्यटकों से नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## एक नजर

### टैक्सी बाइकों के खिलाफ चला अभियान

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के बीच माल रोड पर दौड़ती प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि शुक्रवार को मालरोड और तल्लीताल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई बाइक चालकों को चेतावनी भी दी। टीएसआई ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान मालरोड में प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों के संचालन करने पर संचालक के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### कपड़ों की दुकान से चोरी का वीडियो वायरल

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के बीच नगर में मल्लीताल स्थित न्यू पालिका बाजार में एक कपड़ों की दुकान से चोरी का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार एक महिला अपने परिवार के साथ खरीदारी के बहाने दुकान में पहुंची। इसी दौरान महिला पर कपड़े चोरी करने का आरोप है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकान संचालक अनमोल ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने महिला की काफी तलाश कीए लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। वायरल वीडियो में महिला दुकान में कपड़े देखते हुए नजर आ रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। उनका आरोप है कि कई बार लोग परिवार के साथ खरीदारी के लिए आते हैं और मौका मिलते ही सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने की मांग की है, वहीं मामले में मल्लीताल के एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पर्यटन सीजन के दौरान कारोबारियों से भी चौकन्ना रहने की अपील की है।

### रेस्टोरेंट में बिल भुगतान को लेकर हंगामा

**नैनीताल।** नैनीताल में घूमने आए हरियाणा के तीन युवकों का एक अनोखा कारनामा मालरोड पर चर्चा का विषय बन गया। मामला बीरवार देर रात का है जब तीनों युवक मालरोड स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे और खाने के बाद बिल न देने की बात कही।बताया जा रहा है कि युवकों ने देर रात रेस्टोरेंट में खाना खाया और फिर दो युवक किसी बहाने से बाहर निकल गए। रेस्टोरेंट कर्मियों ने जब तीसरे युवक से 860 रुपये का बिल मांगा तो उसने कहा कि उसके साथी पैसे लेकर वापस आ रहे हैं। कर्मचारी काफी देर तक उसके साथियों के लौटने का इंतजार करते रहेए लेकिन दोनों युवक वापस नहीं आए। इसके बाद जब दोबारा बिल चुकाने को कहा गया तो युवक ने पैसे देने से इंकार कर दिया। रेस्टोरेंट कर्मियों के मुताबिक युवक तरह तरह के तर्क देकर बिल देने से बचने की कोशिश करता रहा। देर रात तक बहस चलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर करीब पौने बारह बजे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में युवक से रेस्टोरेंट का बकाया भुगतान कराया गयाए जिसके बाद मामला शांत हुआ। मामले में एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसके बाद युवकों ने बिल का भुगतान कर दिया था।

### कर्मियों के प्रत्यावेदन पर विचार करने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में सहकारी समिति सितारगंज चीनी मिल को सरकार के द्वारा पीपी मोड पर दिए जाने के बाद कर्मचारियों के देयकों का भुगतान न करने और उन्हें अन्य जगह समायोजित न करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए औद्योगिक सचिव को कर्मचारियों के प्रत्यावेदन पर विचार करने के निर्देश जारी किए है। मामले की सुनवाई वरिस्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई।

### याचिकाकर्ता दो हफ्ते में शपथ पत्र प्रस्तुत करें

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य आंदोलन के दौरान हुए यूपी के रामपुर तिराहा कांड के आरोपियों को सजा दिलाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद आज न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो रिकार्ड सीबीआई ने कोर्ट में पेश किया है उस पर वे अपना शपथ पत्र दो सप्ताह के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

### हिमालयन बॉटनिकल गार्डन का भ्रमण किया

**नैनीताल।** नगर के नारायणनगर स्थित हिमालयन बॉटनिकल गार्डन में शुक्रवार को नार्थ इंडिया टूर में पहुंचे फॉरेस्ट रेंज आफिसर पद के 36 प्रशिक्षुओं रेंज आफिसरों (बैच 2025-27) ने गार्डन का विस्तार से भ्रमण किया। इस दौरान गार्डन में तैनात वन बीट अधिकारी अरविन्द कुमार ने उन्हें भ्रमण के दौरान औषधीय पौधों, फर्न, आर्किड तथा वहां पर मौजूद तितलियों के संसार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कई प्रशिक्षु रेंज अफसरों की ओर से गार्डन की वनस्पतियों से जुड़े कई सवाल भी पूछे गए जिनका वन बीट अधिकारी अरविन्द कुमार ने सरल भाषा में उत्तर दिया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं को गार्डन में मौजूद सभी वनस्पतियों के उपयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षु दल को गार्डन की तरफ से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। सभी प्रशिक्षुओं ने गार्डन के रख रखाव व वहां पर तैनात अधिकारियों व कर्मियों के व्यवहार की सराहना की।

# संस्था के फैसलों से सरकार व सीएम की छवि का हुआ नुकसानः हरीश राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के फ्लैट्स मैदान में ईद की नमाज की अनुमति दिए जाने के मामले ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। भाजपा कार्यकर्ता हरीश राणा ने पत्रकार वार्ता में नैनीताल जिमखाना संस्था और नगर पालिका परिषद पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि संस्था के फैसलों से सरकार और मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि को नुकसान पहुंचा है। हरीश राणा ने कहा कि राज्य सरकार और मुखयमंत्री की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण और विवादित गति. विधियों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए



गए थे इसके बावजूद नैनीताल जिमखाना संस्था ने फ्लैट्स मैदान में नमाज की अनुमति दे दी हालांकि बाद में यह अनुमति रद्द कर दी गई लेकिन मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया और वही अनुमति सरकार के खिलाफ एक बड़ा आधार बन गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिमखाना संस्था के पदाधिकारियों के फैसलों के कारण सरकार को सार्वजनिक रूप से किरकिरी का सामना करना पड़ा। राणा ने कहा कि फ्लैट्स मैदान शहर की ऐतिहासिक और सार्वजनिक संपति है ऐसे मामलों में कोई भी निर्णय लेने से पहले शासन और प्रशासन से स्पष्ट अनुमति ली जानी चाहिए थी। भाजपा कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जिस भवन और मैदान को लेकर स्वामित्व और लीज संबंधी विवाद बने हुए हैं वहां सरकारी धन से कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कबजे वाले भवन पर करोड़ों रुपये खर्च करने की अनुमति किस स्तर से दी गई और इसके पीछे अधिकारियों की मंशा कया थी। राणा ने कहा कि फ्लैट्स मैदान और पवेलियन भवन से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने जिमखाना संस्था और पालिका के वित्तीय रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में जहां जहां सड़क चौड़ीकरण हो रहा है वहां पालिका पार्किंग संच. ालन शुरू कर आर्थिक लाभ लेने में जुटी है। जबकि सार्वजनिक सुविधाओं और खिलाड़ियों के हितों की अनदेखी की जा रही है।

## कैरम मुकाबलों का रोमांच जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित स्व. प्रताप सिंह मौनी स्मृति कैरम प्रतियोगिता के चौथे दिन बार हॉल में सिंगल्स एवं डबल्स वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने



शानदार फिंगर मूव्स और सटीक शॉट्स का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डीएस दानू ने बताया कि डबल्स वर्ग के पहले मुकाबले में तरुण चन्द्रा एवं कैलाश रावत की जोड़ी ने उमेश कांडपाल और गंगा बोरा की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में गौरव और मुकेश की जोड़ी ने नमन और प्रशांत की जोड़ी को पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई वहीं तीसरे डबल्स मुकाबले में दानिश और मुकेश की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट, सचिव संजय सुयाल, उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, उपसचिव नीरज गोस्वामी समेत कार्यकारिणी सदस्य तारा आर्य, सरिता बिष्ट, जया आर्य, निर्मल आर्य, मो. बिलाल सहित अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# फरियाद लेकर विपक्ष के पास पहुंचे शिक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राजकीय एलटी समायोजित/पदोन्नत शिक्षक संघर्ष मंच ने बेसिक की सेवा जोड़ते हुए चयन प्रोन्नत वेतनमान दिये जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर माह जून में निर्णायक आन्दोलन करने से पूर्व इस बीच मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री सहित नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या एवं पूर्व मुख्य मंत्री हरीश रावत को ज्ञापन देकर 12 साल से लम्बित इस प्रकरण का त्वरित समाधान कराने का आग्रह किया है। शिक्षक संघर्ष मंच के अध्यक्ष दिगम्बर फुलोरिया ने बताया कि सर्वसम्मति से तय किया है कि



आन्दोलन के बीच उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच के संरक्षण और मध्यस्थता में जो भी निर्णय लिया जायेगा वह सबको मंजूर होगा। शिक्षक संघर्ष मंच के अध्यक्ष दिगम्बर फुलोरिया के नेतृत्व मे एक शिष्टमण्डल ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को ज्ञापन देने के बाद शुक्रवार को शिखर होटल में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से भेंटकर उन्हें लम्बित प्रकरण की विस्तृत जानकारी दी। रावत ने शिक्षा सचिव से बात कर प्रकरण का समाधान कराने का आश्वासन दिया। शिष्टमण्डल में भगवत बगडवाल, जितेन्द्र पुनेठा, हरेन्द्र सिंह बिष्ट एवं मुक्ता बिष्ट थी। शिक्षक संघर्ष मंच की ओर से सत्तापक्ष और विपक्ष को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि अधीनस्थ शिक्षा (स्नातक प्रशिक्षण श्रेणी) नियमावली 2006 के नियम 5 में 25 प्रतिशत पदो को समायोजन के जरिए भरने का प्रावधान था लेकिन 2014 में अप्रत्याशित रुप से इस नियम में संशोधन करते हुए समायोजन के स्थान पर पदोन्नत कर दिया गया। इसके कारण समायोजित शिक्षको को पदोन्नत मानते हुए उन्हें चयन प्रोन्नत वेतनमान में पूर्व की सेवा अवधि को जोड़ने से इन्कार कर दिया गया। इधर उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने शिक्षा मंत्री को भेजे पत्र में डेढ़ साल से शासन में बेवजह लम्बित मामले को लेकर आन्दोलन की स्थिति के लिए संवादशून्यता को प्रमुख कारण बताते हुए शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में तत्काल त्रिपक्षीय बैठक बुलाये जाने का सुझाव दिया है।

## एकल वर्ग में द्वितीय व समूह वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया बच्चों ने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के श्री अरविंद आश्रम वन निवास बारापत्थर आयारपट्टा मल्लीताल में शुक्रवार को स्कूली छात्रों के लिए भक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स स्कूल ने प्रतिभाग



किया और एकल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि समूह वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। विजयी प्रतिभागियों को नगर पालिका की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम द्वारा युवा मन को संगीत के आध्यात्मिक आयाम का अन्वेषण करने और भक्ति व सद्भाव की गहरी भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में सभासद मनोज साह जगाती समेत कालेज की ओर से विक्रम सिंह रावत तथा संगीत शिक्षिका पूजा आर्या आदि मौजूद रही।

# स्ट्रीट वेंडर्स के लिए विशेष कार्यक्रम 1 जून सेः ईओ रोहिताश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार तथा शहरी विकास निदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में जिले के समस्त निकायों में 01 जून से 30 जून तक स्ट्रीट वेंडर्स के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत निकाय स्तर पर लोक कल्याण मेला आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका नैनीताल ईओ रोहिताश शर्मा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा तिथिया निर्धारित कर दी गई है। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को सीधे लाभ पहुंचाया जा सके। इस भव्य आयोजन की शुरुआत नगर पालिका परिषद नैनीताल से होगी। जहां 3 जून को पंत पार्क, मल्लीताल में



लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात नगर पालिका परिषद भीमताल में 12 व 16 जून, नगर पालिका परिषद भवाली में 17 जून व नगर पंचायत लालकुआं में 20 जून व 24 जून को लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जाएगा। नगर पालि. का परिषद नैनीताल में लोक कल्याण मेले के साथ-साथ स्वनिधि महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा जो की 18 जून को तय है। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के परिवारों की सफलता की कहानियों में उपलब्धियां को साझा करना तथा हितधारकों के बीच योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मेले में शिविरों के माध्यम से फेरी व्यवसाईयों को ऋण और क्रेडिट कार्ड की जानकारी देना तथा डिजिटल शक्ति करण को बढ़ावा देना और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करना है। मेले के दौरान बैंकों और फेरी व्यवसाईयों की संयुक्त बैठक होगी तथा नए व्यवसाइयों का सर्वेक्षण किया जाएगा और उन्हें योजना के दायरे में लाया जाएगा।

### ईदउल अजहा पर अमन चैन की दुआ

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दुराचारियों/वारन्टी/वांछित/नशा तस्करो/गौकशी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम को गौकशी की सूचना मिली, उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुऐ ग्राम सिकरोडा गांव में बेरियों पीर की तरफ जाने वाले रास्ते पर अनवर के घर के पीछे आम के पेड के नीचे खेत में 05 आरोपित समस्त निवासीगण ग्राम सिकरोडा गाय को काट रहे हैं तथा वंही काट छांट कर रहे थे उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम मौके के पास पहुंची 05 व्यक्ति दिखायी दिये जैसे ही पुलिस टीम अपनी और आता देख मौके से भागने लगे जिनमे से एक व्यक्ति इरशाद पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम सिकरोडा, थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को मौके से पकड लिया तथा 04 आरोपित फरार हो गए मौके से लगभग 250 किलो गौमांस मय गौकशी उपकरण बरामद हुआ।

## होटल मे युवक-युवती के शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के डबल फाटक स्थित एक होटल में शुक्रवार दोपहर युवक और युवती के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।

जानकारी के अनुसार डबल फाटक स्थित आर्यन होटल में एक युवक और युवती ने गुरुवार शाम एक कमरा बुक किया था। आज सुबह कमरा सफाई के लिए कर्मचारी गया तो कक्ष नहीं खुला कर्मचारी ने सोते हुए सोच कमरा नहीं खुलवाएं उसके बाद दोपहर 12 बजे उनका चेक आउट का समय हुआ तो होटल कर्मी फिर से कमरे को खुलवाने गए लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया न होने पर होटल कर्मियों को शक हुआ। उन्होंने होटल स्वामी को सूचना देने के साथ 112 पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दूसरी चाबी से कमरा खोला और कमरे की जांच की गई तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े मिले। फिलहाल प्रारंभिक जांच में कीटनाशक पदार्थ के सेवन की आशंका जताई जा रही है। मृतक युवक की पहचान सागर निवासी नाथुखेड़ी के रूप में हुई है, जबकि युवती लंढौरा क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच प्रेम प्रसंग



चल रहा था। माना जा रहा है कि पारिवारिक असहमति या अन्य सामाजिक कारणों के चलते दोनों ने यह खौफनाक कदम उठाया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस संबंध में एसएसआई सिविल लाइंस कोतवाली धर्मेंद्र राठी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है।

## आधी रात आए तूफान से रुड़की व देहात क्षेत्र बेहाल, फायर यूनिट ने मार्गो से हटाए पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देर रात आए तेज आधी-तूफान ने रुड़की शहर में भारी परेशानी खड़ी कर दी। शहर के कई इलाकों में विशाल पेड़ सड़कों पर गिर पड़े, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और कई क्षेत्रों की बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। हालात इतने गंभीर हो गए कि रातभर शहर के मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहे। गुरुवार रात्रि 00:57 बजे फायर स्टेशन रुड़की को सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट तत्काल घटनास्थलों के लिए रवाना हुई। फायर कर्मियों ने बिना समय गंवाए वुडन कटरों की सहायता से गिरे हुए पेड़ों को काटकर सड़क किनारे किया और बाधित मार्गों को वाहनों के आवागमन के लिए दोबारा सुचारू कराया।फायर यूनिट ने पूरी रात लगातार अभियान चलाकर शहर को राहत पहुंचाई। तेज अंधेरे, तूफानी मौसम और खतरे के बीच फायर कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। इस दौरान टीम ने रुड़की-देहरादून रोड, राजमहल होटल के पास,मिलिट्री अस्पताल रुड़की के पास,नगला इमरती,ढंडेरा फाटक, लकसर रोड आदि क्षेत्रों पर गिरे पेड़ों को हटाया। घटना की सूचना कंट्रोल रूम रुड़की को भी दे दी गई है।घटनास्थल पर मौजूद फायर टीम में चालक विपिन सिंह तोमर,लीडिंग फायरमैन विपिन सैनी,फायरमैन राजेंद्र सिंह बिष्ट फायरमैन जगवीर सिंह,फायरमैन अभिषेक कुमार मौजूद रहे। फायर यूनिट की इस त्वरित कार्रवाई से रातभर बंद पड़े कई प्रमुख मार्गों को दोबारा खोला जा सका, जिससे शहरवासियों ने राहत की सांस ली।


**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

इस्लाम अंसारी
संवाददाता मो. नं. 9368942735, 9759860322
विनित भैया
संवाददाता मो. नं. 9837277814

# पेपर लीक पर हिदायत

आखिर सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में एनटीए से जवाब मांग ही लिया और चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर पेपर लीक कैसे हो गया, क्योंकि यह मामला देश के भविष्य से जुड़ा है। एसजी तुषार मेहता ने बताया कि एनटीए और समिति ने हलफनामे दाखिल किए हैं और सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। पीएम मोदी स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा है तो बहुत दुखद है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की चिंता जायज है, क्योंकि यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी जनवरी 2024 से लेकर अब तक देश भर में लगभग 65 से 70 प्रमुख प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के मामले सामने आ चुके हैं। इन घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है। नीटयूजी 2024 परीक्षा में व्यापक स्तर पर पेपर लीक और धांधाली हुई थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की गई। परीक्षा में अनियमितताओं के चलते इसे सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था। यूपी पुलिस सिपाही परीक्षा 2024 में पेपर लीक होने के बाद इस भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने जून 2024 में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया है। इस नए एंटी–पेपर लीक कानून के तहत दोषियों के लिए 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस कानून के बाद भी पेपर लीक हो रहे हैं। ऐसा लगता है कि आरोपियों को कानून का कोई भय नहीं है। कानून का भय न होने के कारण युवाओं के भविष्य को बरबाद किया जा रहा है। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो कोर्ट ने सरकार और एनटीए पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि इस मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए। कोर्ट ने समिति के अध्यक्ष से कहा कि हम आपसे पूछना चाहते हैं कि आप मूल रूप से विशेषज्ञ समिति के सदस्य थे, कार्यान्वयन की निगरानी कितनी हुई? यह विफलता कैसे हुई? एचपीसी की सिफारिशों के आधार पर आपकी निगरानी के बावजूद यदि यह घटना घटी है, तो सिफारिश में ही कोई समस्या है। या हो सकता है कि निगरानी हुई ही न हो। सुप्रीम कोर्ट ने एसजी मेहता से कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। आखिर ये कैसे हुआ, हकीकत सामने आनी चाहिए। सुनवाई के दौरान डा. राधाकृष्णन ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हमने 60 सुझाव दिए थे। पहले 60 में से अधिकतर लागू हो चुके हैं। कुछ अभी भी प्रक्रियाधीन हैं। 2025 में नीटयूजी परीक्षा संतोषजनक ढंग से आयोजित की गई थी। कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने की घटनाएं हुईं, अन्यथा सिफारिशों को लागू किया गया और परीक्षा सफल रही। हमने एनटीए को मजबूत करने की सिफारिश की थी।

# ‘बहुत तलाश किया, कोई आदमी ना मिला’



**प्रो. आर.के. जैन**

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, बशीर बद्र की यह पंक्ति आज स्वयं एक विदाई का सन्नाटा बनकर गूंज रही है। उर्दू शायरी का वह नर्म, रोशन और संवे. दनशील सितारा अब अस्त हो गया है। केवल एक शायर नहीं गया बल्कि एक पूरी भावनात्मक परंपरा मौन हो गई। 28 मई 2026 को भोपाल में लंबी बीमारी के बाद 91 वर्ष की आयु में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहा, लेकिन उनकी शायरी अब भी सांसों में जीवित है। वे केवल शब्द नहीं रचते थे, बल्कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाली भावनाओं की पूरी दुनिया बसाते थेकृजहां दर्द भी सुंदर लगता था और उम्मीद भी बहुत करीब। उनका जाना एक खालीपन नहीं, बल्कि एक ऐसी खामोश मौजूदगी है जो हर एहसास में धीरे–धीरे उतरती रहती है।

जब शब्दों की रौशनी खुद इतिहास बन जाए, तो समझिए कोई शायर अमर हो चुका होता है। मशहूर उर्दू शायर और गजलकार पद्म बशीर बद्र का जाना साहित्य जगत के लिए एक ऐसा आघात है जिसने भावनाओं की सबसे नाजुक परत को हिला दिया। वे उन विरले शायरों में थे जिनके शब्द मंच से उतरकर सीधे जीवन की सांसों में बस जाते थे। उनका जाना केवल शरीर का अंत नहीं, बल्कि उस आवाज का ठहर जाना है जिसने सादगी को भी शिखर बना दिया। फिर भी, उनकी गजलें आज भी हर टूटे दिल में जीवित हैं और हर याद में चुपचाप रोशनी बनकर चलती रहती हैं। जहां शब्द जन्म लेते हैं और संवे. दना उन्हें आकार देती है, वहीं से एक असाधारण सफर शुरू होता है। 15 फरवरी 1935 को अयोध्या (तब फैजाबाद) में जन्मे बशीर बद्र बचपन से ही शायरी की ओर आकर्षित थे और सात वर्ष की उम्र में ही शेर कहने लगे थे। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से बीए, एमए और पीएचडी के बाद उन्होंने वहीं उर्दू के प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, फिर मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक विभागाध्यक्ष रहे। फारसी, हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी पर उनकी गहरी पकड़ ने उनकी शायरी को समृद्ध और बहुआयामी बनाया। उनका जीवन ज्ञान और भावना का ऐसा संगम रहा जिसने उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी। जब जीवन की सबसे गहरी आग इंसान के भीतर उतर जाए, तो शब्द भी राख से जन्म लेते हैं। 1987 के मेरठ दंगों ने बशीर बद्र को भीतर तक तोड़ दियाकृउनका घर, यादें और अनमोल अनप्रका. शित रचनाएं सब कुछ जलकर राख हो गया। इस त्रासदी ने उन्हें लंबे समय तक लेखन से दूर कर दिया, और उनका जीवन गहरे खालीपन में डूब गया, लेकिन भोपाल में डॉ. राहत बद्र के साथ नए सिरे से मिली जीवन–धारा ने उन्हें फिर से शब्दों की ओर लौटा दिया। उसी पीड़ा से निकली उनकी अमर पंक्ति लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में आज भी मानवीय संवेदना की सबसे तीखी और सजीव अभिव्यक्ति मानी जाती है। शब्दों को सजाने के बजाय उन्हें जीने की कला बशीर बद्र की शायरी की सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जटिल अलंकारों की जगह जीवन की सीधी, सरल भाषा को अपनाया और उसी में गहराई भर दी। प्रेम, विरह, अकेलापन और सामाजिक यथार्थ उनकी गजलों में सहजता से उतरते थे। उनकी प्रमुख कृतियां ‘इकाई’, ‘इमेज’, ‘आमद’, ‘आहट’, ‘आस’ और ‘कुल्लियात-ए-बशीर बद्र’ आधुनिक उर्दू साहित्य की अमूल्य धरोहर बन गईं। ‘आस’ के लिए उन्हें 1999 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और उसी वर्ष पद्म  से सम्मान मिला। साथ ही उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से चार बार, बिहार उर्दू अकादमी से एक बार तथा 1980 में न्यूयॉर्क के ‘पोएट ऑफ द ईयर’ सम्मान ने उनकी वैश्विक पहचान को और मजबूत किया। कुछ पंक्तियां समय को भी पीछे छोड़ देती हैं और स्मृतियों में हमेशा के लिए बस जाती हैं ऐसी ही शायरी बशीर बद्र की पहचान है। उनकी मशहूर पंक्तियां उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो और दुश्मनी जम कर करो लेकिन यह गुंजाइश रहे आज भी लोगों की जुबान पर जीवित हैं, जो रिश्तों और भावनाओं को एक नई दृष्टि देती हैं। उनके 18,000 से अधिक शेर और असंख्य गजलें फिल्मों, रेडियो और मुशायरों में लगातार गूंजती रही हैं। उनकी शायरी ने उर्दू गजल को आम इंसान की भाषा बना दिया, जहां हर व्यक्ति अपने दर्द और अपनी पहचान को महसूस कर सकता है। जब यादें साथ छोड़ने लगती हैं, तब भी शब्द अपनी रोशनी नहीं खोते बशीर बद्र के जीवन का अंतिम चरण इसका साक्षात प्रमाण रहा। डिमेंशिया ने धीरे–धीरे उनकी स्मृतियों पर धुंध छा दी, लेकिन उनकी पत्नी डॉ. राहत बद्र उनकी रचनाएं सुनाकर उन्हें फिर से जीवित करती रहीं। पुत्र नुसरत बद्र के निधन का गहरा आघात भी उन्होंने सहा, जो स्वयं फिल्मी गीतों की दुनिया में प्रतिष्ठित थे। इसके बावजूद, अंतिम वर्षों तक वे मुशायरों के सुल्तान बने रहे, जहां उनकी उपस्थिति ही मंच को जीवंत कर देती थी। स्मृतियां भले कमजोर पड़ती रहीं,



लेकिन उनके शब्दों की चमक अंत तक अडिग रही एक ऐसा जीवन, जो संघर्ष, प्रेम और साहित्य की अविस्मरणीय यात्रा बन गया। विदा तो शरीर ने ली है, पर उनकी आवाज अभी भी दिलों में चलती है। बशीर बद्र अब इस संसार में नहीं हैं, फिर भी उनकी शायरी हर उस जगह मौजूद है जहां दर्द है, प्रेम है या टूटी हुई उम्मीदों की हल्की सी रोशनी। वे केवल शायर नहीं थे, बल्कि भावनाओं को शब्द देने वाला एक पूरा युग थे। उनकी विरासत बताती है कि साहित्य केवल पढ़ा नहीं जाता, उसे महसूस किया और जिया जाता है। उनकी गजलें समय की सीमाओं को पार कर आज भी लोगों को जोड़ती हैं, और यही साबित करती हैं कि सच्ची रचना कभी मरती नहीं।

## श्रीमुख से...

### गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आए



वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं, अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगा सके, यदि कोई अपराधी बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता भी है, तो उसका इंतजार यमराज करते हैं, पूर्ववर्ती सरकार में नेताओं की स्थिति ऐसी थी कि माफियाओं को देखकर उनके पसीने छूट जाते थे, जबकि आज माफिया प्रदेश से गायब हैं, वर्तमान समय में प्रदेश में रामलीला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, होली, दीपावली और दशहरा जैसे सभी पर्व–त्योहार उत्साह और शांति के साथ मनाए जा रहे हैं, अब किसी गुंडे या माफिया में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर्व या त्योहार में विघ्न डाल सके। **–योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड–251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# रूप बदलती पत्रकारिता और उसकी चुनौती



**आर.पी. तोमर**

कड़वी सच्चाई है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पहचाने जाने वाली पत्रकारिता का स्वरूप आज एक मिशन से बदलकर पूरी तरह से व्यावसायिक और तकनीकी–उन्मुख हो गया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के प्रसार ने मुद्रित और दृश्य–श्रव्य माध्यमों को डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एकीकृत कर दिया है, जिससे पत्रकारिता अधिक तात्कालिक, बहुआयामी और डेटा–संचालित हो गई है। पत्रका. रिता आज प्रिंट से डिजिटल और सोशल मीडिया की ओर मुड़ गई है। समाचार अब केवल सुबह के अखबारों तक सीमित नहीं हैं। ट्विटर, एक्स और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सबसे पहले खबरें पहुंचाने का मुख्य माध्यम बन गए हैं। इसके अलावा, यू ट्यूब और विभिन्न पॉडकास्ट ने दृश्य–श्रव्य पत्रकारिता का लोकतंत्रीकरण कर दिया है। स्मार्टफोन की उपलब्धता और इंटरनेट की पहुंच ने आम नागरिकों को भी पत्रकार बना दिया है। आज कोई भी व्यक्ति किसी घटना का सीधा वीडियो या फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने ला सकता है, जिससे पारंपरिक मीडिया की एकाधिकार वाली भूमिका कम हुई है। अब खबरों को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि डाटा रेपर या टैब्लेऔ जैसे टूल्स के माध्यम से इन्फोग्राफिक्स, चार्ट और इंटरैक्टिव डेटा के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। डिजिटल युग में क्लिकबेट, सनसनीखेज हेडलाइंस और फर्जी खबरों का चलन बढ़ा है। त्वरित समाचार देने की होड़ में कई बार तथ्यों के सत्यापन में कमी आती है। पारंपरिक पत्रकारिता वन–वे (एकतरफा) थी, लेकिन डिजिटल पत्रकारिता टू–वे (दोतरफा) हो गई है। वहीं आज अधिकांश मीडिया चेनलों व प्लेटफार्म पर पत्रकार की जगह एमबीए पास सेल्समैन को प्राथमिकता दी जाने लगी है। चाटुकारिता ने भी पत्रकारिता का स्वरूप बदल दिया है। कुल मिलाकर, पत्रकारिता ने अपनी गति और पहुंच में विस्तार तो किया है, लेकिन पत्रकारिता में गिरावट भी आई है। इसके साथ ही विश्वसनीयता बनाए रखना और व्यावसायिक दबावों से बचना आज के पत्रकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

देश जानता है कि भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, आज के नए भारत में यह भूमिका और भी अधिक अहम हो जाती है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुंचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक



प्रसार को सुगम बनाता है। भारत में हर साल हम 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाते है। विदित है कि दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर- दूर तक मात्र अंग्रेजी, फारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में ‘उदन्त मार्तण्ड’ के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था।

जो कुछ समय बाद ही बंद हो गया था, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है। आज जब हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने सटीक ही कहा था कि ‘न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।’ उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह दी थी, लेकिन आज खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। परंतु आज भी सच्चे व निष्पक्ष पत्रकारों की वजह से बड़े–बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा है, ऐसे पत्रकारों की बदौलत ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का मान बचा हुआ है। मिशन से व्यवसाय बनती हिन्दी पत्रका. रिता आज कई संकटों का सामना कर रही हैं– संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक- आर्थिक असमानताएं, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियां आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।


लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिक. ारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। सत्ता विरोधी यानी सच्चाई लिखने वाले पत्रकारों का उत्पीड़न आम हो गया है। ऐसा करने वाले मीडिया को भी सत्ता के दलाल खरीद लेते हैं।

# त्याग, तप और राष्ट्रभक्ति के युगपुरुष महंत अवैद्यनाथ

प्रणम्य है नाथ परंपरा के वे संत जिन्होंने हठयोग की परंपरा को संरक्षित करने के साथ उसे सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में विस्तारित करके धर्म, सेवा, त्याग और राष्ट्रवाद के अद्भुत समन्वय के रूप में समाज के सम्मुख प्रस्तुत किया जो भारत के उत्तर में हिम किरीट के रूप में अवस्थित ऋषियों, मुनियों व संतो की तपोस्थली और देवभूमि नाम से विख्यात उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के कांडी गांव में 28 मई 1921 को राय सिंह बिष्ट के पुत्र रूप में अवतरित हुए जिनका कृपाल सिंह बिष्ट के रूप में सांसारिक नामकरण हुआ किन्तु गोरखनाथ मठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजय नाथ से दीक्षा प्राप्त कर जो विश्व में महंत अवैद्यनाथ के नाम से प्रख्यात हुए। मेरी स्वरचित ए पंक्तियां –भयानक तूफान तबाही के निशान छोड़ जाते हैं। युग पुरुष अपने कर्मों से अपनी पहचान छोड़ जाते हैं। जग में अमर होता है नाम उन्हीं का, अच्छाइयों के जग में जो प्रतिमान छोड़ जाते हैं। बरबस मेरा ध्यान युग पुरुष महंत अवैद्यनाथ की ओर आकर्षित करती हैं जिन्होंने मठ की परंपराओं का निर्वहन करने के साथ समाज में नए प्रतिमान गढ़ने का कार्य किया जिसके कारण उनके अवतरणदिवस पर हम उनके उल्लेखनीय ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण करने के



साथ उनको नमन कर रहे हैं।1969 में गुरुदेव के ब्रह्मल. ीन होने पर आप गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर बने। आपने गोरखनाथ मठ को एक आध्यात्मिक केंद्र से सामाजिक सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया। इस हेतु आपने मठ का भव्य विस्तार, आधुनिक निर्माण और मठ को सुविधाओं से संपन्न कराया ।आपने अखंड अन्न क्षेत्र की प्राचीन परंपरा को मजबूती प्रदान करने के साथ छुआछूत का विरोध करते हुए मठ में सभी वर्गों के लिए भंडारा खोला जिसमें हजारों भक्त, दर्शनार्थी और असहाय व्यक्ति प्रतिदिन बिना भेदभाव के मध्यान्ह और सांयकाल प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा, अन्नदान के साथ नाथ परंपरा की समानता और सेवा भावना को उद्घाटित करता है। साथ ही उन्होंने जाति–पाति से ऊपर उठने हेतु संतों को प्रेरित किया। शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान अतुलनीय है। गुरु दिग्विजय नाथ द्वारा शुरू की गई शैक्षिक परियोजनाओं को आपने विस्तार दिया। आपने गोरखपुर तथा आसपास के क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों की स्थापना की ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दिया तथा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माध्यम से अनेक स्कूल –कॉलेजों का संचालन किया। गोरखपुर में उनके नाम पर अवैद्यनाथ सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना भी की गई है। लोक कल्याण में स्वास्थ्य सेवाओं का स्थान सर्वोपरि है। इस भावना के दृष्टिगत आपने मठ में अस्पताल, आयुर्वैदिक केंद्र और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं विकसित की और ग्रामीण अंचल में नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया ताकि गरीब और आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें। आयुर्वेद, योग और आधुनिक चिकित्सा का समन्वय आपके स्वास्थ्य–कार्यक्रमों की विशेषता थी। मठ के अस्पतालों से पूर्वांचल के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। इसके साथ ही आपने मठ के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में नक्सलवाद, अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामा. जिक जागृति फैलाने का महती कार्य किया। 1966 के गौ हत्या विरोधी आंदोलन में आपने सक्रिय भूमिका का निर्माण किया तथा निरंतर गौ रक्षा अभियान के लिए प्रयास किए। मठ में गौशालाएं चलाई गई जहां साइक्लोन गायों की देखभाल होती है। महंत अवैद्यनाथ का सबसे बड़ा व अविस्मरणीय योगदान राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति की 1984 में स्थापना है जिसके परिणाम स्वरूप महंत अवैद्यनाथ जी ने नाथ परंपरा को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जोड़कर एक नया आयाम दिया। इस समिति के वे प्रथम अध्यक्ष रहे और उन्होंने हिंदू संगठन और संतों को एक मंच पर लाकर राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को एक नई दिशा प्रदान की। इस हेतु उन्होंने सितंबर 1984 में बिहार के सीतामढ़ी से अयोध्या तक धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जिसमें हिंदू राष्ट्रवादी नारे गूंजायमान हुए। साथ ही आपने पूरे देश में व्याख्यान देकर लोगों का आवाहन किया की वे केवल उन्हीं पार्टियों को वोट दें व समर्थन करें जो राम मंदिर निर्माण कराने का वादा करें। आपके प्रयासों तथा 1985 में उडुपी सम्मेलन में संतों की मांग के फल स्वरूप 1 फरवरी 1986 को अयोध्या विवादित ढांचे के ताले खोलने का आदेश फैजाबाद जिला न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया। 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा गिरने के बाद संसद में आपने मजबूती से हिंद. ूओं व मन्दिर के समर्थन में तथ्यों सहित अपनी बातों को प्रस्तुत किया। आपके प्रयासों से यह आंदोलन एक जन आंदोलन बना। महंत अवैद्यनाथ ने राजनीति की उपादेयता को समझ कर उसे सेवा भावना के रूप में अपनाया और वे मानीराम विधानसभा क्षेत्र से 1962, 1967 ,1969 और 1972 में 5 बार विधायक निर्वाचित हुए। साथ ही गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से 1970 में स्वतंत्र पार्टी ,1989 में हिंदू महासभा और 1991 व 1996 में भाजपा से चार बार सांसद रहे। वे राजनीति में हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के पक्षधर थे। उन्होंने वाराणसी में डोम राजा के यहां भोजन कर सामा. जिक बंधनों को तोड़ने का संदेश दिया। यह घटना आज भी समाज में सामाजिक समरसता के रूप में याद की जाती है।



**–डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा**



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु जिले में खेत में गेंदे के फूलों की कटाई करती महिला मजदूर।

## पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख निवेशकों, उद्यमियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल न्यूयॉर्क प्रवास के दौरान कई उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश संबंधी बैठकों में शामिल हुए जिनका मुख्य उद्देश्य भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध को मजबूत करना था। वाणिज्य मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गोयल कनाडा की अपनी तीन दिन की यात्रा समाप्त कर 28 मई को न्यूयार्क पहुंचे। गोयल ने न्यूयार्क प्रवास के दौरान कार्लाइल ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हार्वे श्वाट्र्ज, मॉर्गन स्टेनली के अध्यक्ष एवं सीईओ टेड पिक, वारबर्ग पिक्स के अध्यक्ष चार्ल्स केय, एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ चिंटू पटेल तथा मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाक के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

## भारत ने 2026 की अध्यक्षता के तहत ब्रिक्स MSME सहयोग बढ़ाया


**नई दिल्ली।** नई औद्योगिक क्रांति के लिए ब्रिक्स साझेदारी (पार्टएनआईआर) के तहत एसएमई कार्य समूह का नेतृत्व केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय कर रहा है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत मंत्रालय तीन एसएमई कार्य समूह की बैठकों और पहले ब्रिक्स एमएसएमई फोरम का आयोजन करेगा, जो एमएसएमई के लिए वित्त तक पहुंच, प्रौद्योगिकी तक पहुंच और स्थिरता-उन्मुख विकास जैसे तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे। चौबीस अप्रैल को आयोजित प्रथम एसएमई कार्य समूह की बैठक के बाद एमएसएमई मंत्रालय ने 26 मई को ब्रिक्स पार्टएनआईआर ट्रैक के तहत 'एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना' विषय पर द्वितीय एसएमई कार्य समूह की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की।

# अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर

## 150 साल पुराना नियम बदलने की तैयारी, संसद की मंजूरी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा।

अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है, अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की




■ अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्काट बेसेंट ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की जानकारी दी

जानकारी दी। बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रम्प की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था। फरवरी 2025 में इस बिल को हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के पास भेजा गया था। अब इसे कानून बनने के लिए हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दोनों से मंजूरी लेनी होगी। इससे पहले मार्च में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की थी कि अमेरिकी नोटों पर ट्रम्प के हस्ताक्षर भी जोड़े जाएंगे। इसे अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रेजरी विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो आफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (बीईपी) इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती तैयारी और जांच कर रही है। विभाग का कहना है कि अगर कानून पास हो जाता है, तो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर ट्रम्प की उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए यह नोट जारी किया जाएगा।

# होर्मुज में एक बार फिर बढ़ा तनाव

## ईरान ने चार जहाजों पर दागीं मिसाइलें, बुशहर में अमेरिकी विमान गिराने का भी किया दावा



■ फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में स्थिति एक बार फिर बेहद संवेदनशील हो गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सुरक्षा बलों ने समन्वय की कमी का हवाला देते हुए चार अज्ञात जहाजों पर चेतावनी मिसाइलें दागी हैं। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हालिया सैन्य हमलों के कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरानी राज्य प्रसारक आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 12.35 बजे हुई।

चार अज्ञात जहाजों ने ईरानी सुरक्षा बलों को सूचित किए बिना फारस की खाड़ी में प्रवेश करने का प्रयास किया। जब इन जहा. जों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया, तो ईरानी बलों ने उन पर चेतावनी शाट दागे, जिसके बाद जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। ईरान समर्थक मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने तय समुद्री प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया था। फिलहाल इन जहाजों की पहचान और उनकी मंजिल का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कुछ रिपोर्ट्स में इनके संबंध अमेरिका से होने का दावा किया गया है। इस घटना के तुरंत बाद, शुक्रवार तड़के ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि ईरान की वायु रक्षा प्रणाली ने तटीय बुशहर प्रांत के जाम क्षेत्र में एक अमेरिकी विमान को मार गिराया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जाम काउंटी के गवर्नर मसूद तंगेस्तानी के हवाले से इस बात की पुष्टि की। हालांकि, समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, अमे. रिका ने ईरानी दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पिछले चार दिनों में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव काफी तेज हुआ है। इस सैन्य तनाव के बीच, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने ईरान के सैन्य अभियानों को मिलने वाले फंड को रोकने के लिए उसके तेल शिपिंग नेटवर्क पर नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके तहत आठ तेल टैंकरों को ब्लैकलिस्ट किया गया है, जिनमें मार्शल द्वीप समूह का फ्लोरा, कोमोरोस का हौंकायो और पनामा का इल्ल गैप शामिल हैं। अमे. रिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि इसका उद्देश्य ईरान को सेना के पुनर्गठन के लिए तेल राजस्व जुटाने से रोकना है। यह पूरी कार्रवाई उस समय हुई है जब दोनों पक्ष 60 दिनों के युद्धविराम विस्तार और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के एक समझौते पर सहमत हो चुके थे। हालांकि, इस समझौते को अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

## अमेरिका-ईरान एक समझौता पत्र पर सहमत दोनों ओर से मंजूरी अभी बाकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका-ईरान के वार्ताकारों के बीच एक समझौता पत्र (एमओयू) पर सहमति बन गई है। रिपोर्टों के अनुसार, लेकिन दोनों ओर से अभी अंतिम सहमति मिलनी बाकी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ह्वाइट हाउस ने इस बात की पुष्टि की है कि इस समझौते से मौजूदा युद्धविराम 60 दिन के लिए और बढ़ जाएगा। इस दौरान दोनों पक्ष ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने को लेकर बातचीत करेंगे। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अभी एमओयू पर हस्ताक्षर करने बाकी है। रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रम्प एमओयू को मंजूरी देने से पहले इस पर विचार करने के लिए कुछ दिनों का समय चाहते हैं। मध्यस्थता प्रक्रिया में शामिल देशों में से एक के राजनयिक ने 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' को बताया कि चैनल 12 की रिपोर्ट में बातचीत की स्थिति को गलत तरीके से पेश किया गया है और अभी ईरान की तरफ से भी अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने तेहरान की वार्ताकार टीम के करीबी सूत्र के हवाले से इस बात से इनकार किया है कि ईरान की तरफ इसे अंतिम मंजूरी मिली है। सूत्र ने दावा किया है कि समझौते के मसौदे को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और मंजूरी मिलने की स्थिति में ईरान इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा करेगा।

## गाजा पट्टी में आईडीएफ ने हमास के उप कमांडर हुसैन स्लिम को मार गिराया

**यरुशलम।** इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट ने उत्तरी गाजा पट्टी में आतंकवादी संगठन हमास की सैन्य शाखा में गाजा सिटी ब्रिगेड के उप-कमांडर इमाद हसन हुसैन स्लिम को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर बताया कि आईडीएफ और शिन बेट बलों ने दो दिन पहले (बुधवार को) आतंकवादी इमाद हसन हुसैन स्लिम को निशाना बनाकर मार गिराया था। वह गाजा सिटी ब्रिगेड का उप-कमांडर और संगठन की सैन्य शाखा में 'ऑलिव बटालियन' का कमांडर था। हुसैन स्लिम ने सात अक्टूबर 2023 को हुएए हमले हमले की कमान संभाली थी। आईडीएफ के अनुसार इस आतंकवादी ने हाल के वर्षों में और विशेष रूप से पिछले कुछ समय में गाजा पट्टी में आईडीएफ के जवानों के खिलाफ कई आतंकवादी साजिशें रची थी। इसलिए इसे एक बड़ा खतरा माना जा रहा था। आईडीएफ ने बताया है कि जिस ठिकाने पर हमला किया गया, वहां आतंकवादी संगठन हमास का एक और कमांडर भी मौजूद था।

# ममदानी ने ईरान जंग का किया विरोध

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी ने ईरान जंग का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए, क्योंकि इसकी सबसे बड़ी कीमत आम लोग चुका रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए ममदानी ने कहा कि आज से तीन महीने पहले एक ऐसा युद्ध शुरू हुआ था, जिसके लिए किसी ने वोट नहीं किया था।

लेकिन इसकी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जिनकी इसमें कोई आवाज नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में हजारों नागरिकों की जान जा चुकी है। साथ ही 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए, जो अब कभी अपने परिवारों के पास वापस नहीं लौट पाएंगे। ममदानी ने कहा कि इस युद्ध का असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका के आम लोगों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे मिडिल और वर्किंग क्लासस के परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया। ममदानी ने कहा, विदेश में जाने वाली हर जान और अमेरिका में आम परिवारों पर पड़ने वाला हर आर्थिक बोझ, एक ही लापरवाह फैसले की कीमत है।



■ न्यूयॉर्क मेयर ने कहा: इसमें हजारों जान गईं, लोग एक लापरवाह फैसले की कीमत चुका रहे

■ यह संघर्ष अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस की मंजूरी के बिना शुरू किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने गुरुवार रातभर यूक्रेन के 208 ड्रोन को मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मॉस्को समयानुसार कल रात आठ बजे से आज सुबह सात बजे तक ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 208 फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को हवा में ही नष्ट कर दिया।

### नोरबू नेगी सिएरा लियोन में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नोरबू नेगी को पश्चिम अफ्रीकी देश सिएरा लियोन में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के अधिकारी नेगी अभी पेरिस स्थित यूनेस्को कार्यालय में भारत के स्थाई प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि नेगी के शीघ्र ही कार्यभार संभालने की संभावना है।

### आतंकी हमले की साजिश रचने वाले को 15 साल की सजा

**मॉस्को।** ऑस्ट्रिया की एक अदालत ने अमेरिकी गायिका टेलर स्विफ्ट के वियना स्थित कॉन्सर्ट में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोपी इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह (आईएस, आईएसआईएस, रूस में प्रतिबंधित) के 21 वर्षीय सदस्य को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है।

# फ्लोरिडा लॉन्च पैड पर फटा जेफ बेजोस का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट

**वाशिंगटन।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' को फ्लोरिडा में बड़े परीक्षण के दौरान भारी झटका लगा है। कंपनी का 'न्यू ग्लेन' रॉकेट ग्राउंड टेस्ट के दौरान लॉन्च पैड पर ही भयानक विस्फोट के साथ आग के विशाल गोले में तब्दील हो गया। यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई।

न्यू ग्लेन रॉकेट का 'हॉट-फायर' टेस्ट चल रहा था, जिसमें रॉकेट को उड़ान भरने से रो. कने के लिए लॉन्च पैड पर ही मजबूती से जकड़कर रखा जाता है और जमीन पर ही उसके इंजनों को पूरी क्षमता से चालू कर परखा जाता है। जैसे ही इसके मीथेन-ईंधन वाले

■ यह घटना गुरुवार रात फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स-36 पर हुई

इंजनों को चालू किया गया, रॉकेट के बूस्टर स्टेज में कुछ तकनीकी खराबी आई और देखते ही देखते पूरा रॉकेट भीषण विस्फोट के साथ फट गया। एयरोस्पेस न्यूज ऑर्गनाइजेशन के लाइवस्ट्रीम वीडियो में साफ देखा गया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि आसमान में दूर तक धुएं का गुबार छा गया। इस धमाके की गूंज इतनी तेज थी कि केप कैनावेरल और कोको बीच के आस-पास के घर तक हिल गए। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है। ब्लू ओरिजिन और जेफ बेजोस ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। जेफ बेजोस ने लिखा कि सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और उनका पता लगा लिया गया है। यह बहुत कठिन दिन था, लेकिन जो कुछ भी दोबारा बनाने की जरूरत होगी, हम उसे बनाएंगे और फिर से उड़ान भरेंगे। विस्फोट के कारण हालांकि लॉन्च पैड और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन जून में लॉन्च होने वाले अमेजन के 'प्रोजेक्ट कुइपर' के 48 ब्रॉडबैंड सैटेलाइट पूरी तरह सुरक्षित बच गए, क्योंकि उन्हें अभी रॉकेट के ऊपर फिट नहीं किया गया था। फिर भी यह विफलता ब्लू ओरिजिन के कमर्शियल शेड्यूल और नासा के आगामी 'आर्टेमिस' मून मिशन के लिए बड़े विलंब का कारण बन सकती है।

# गुलामों को चल संपत्ति मानने वाले कानून को फ्रांस के निचले सदन ने किया रद्द

## फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को कर दिया था खत्म

**पेरिस।** फ्रांस की संसद के निचले सदन ने एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वसम्मति से उस क्रूर कानून (कोड नोयर) को पूरी तरह रद्द कर दिया है, जो सदियों से फ्रांस के उपनिवेशों में दासों पर लागू था।

लुई चौदहवें के जमाने (1685) के इस कानून के तहत गुलामों को इंसानों के बजाय 'चल संपत्ति' माना जाता था और उनके साथ मारपीट, शोषण, खरीद-बिक्री और हत्या तक की छूट मिली हुई थी। फ्रांस ने करीब 170 साल पहले गुलामी प्रथा को खत्म कर दिया था और साल 2001 में इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' भी घोषित



■ राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था


किया था। इसके बावजूद, गुलामों की कानूनी स्थिति तय करने वाले इन पुराने शाही कानूनों को कभी आधिकारिक तौर पर पूरी तरह निरस्त नहीं किया गया था। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने भी पिछले हफ्ते इस काले कानून को हटाने का पुरजोर समर्थन किया था। (नेशनल एसेंबली) निचले सदन की हरी झंडी के बाद अब यह विधेयक अंतिम मंजूरी के लिए सीनेट में जाएगा। ऐतिहासिक आंकड़ों के मुताबिक, ब्रिटेन और पुर्तगालियों के बाद फ्रांसीसी लोग यूरोप में गुलामों के तीसरे सबसे बड़े व्यापारी थे। 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच फ्रांसीसी जहाजों के जरिए अफ्रीका से 10 लाख से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को जबरन ले जाकर कैरेबियाई देशों के बागानों में गुलामी की बेड़ियों में जकड़ दिया गया था। फ्रांस ने हालांकि 1794 की क्रांति के दौरान गुलामी खत्म की थी, लेकिन 1802 में नेपो. लियन बोनापार्ट ने दोबारा सेना भेजकर इस प्रथा को बहाल कर दिया, जिसे आखिरकार 1848 में जाकर पूरी तरह समाप्त किया जा सका। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब फ्रांस में गुलामों के वंश. जों को मुआवजा देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। मार्टिनिक द्वीप के प्रतिनिधियों और सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा है कि केवल प्रतीकात्मक कदम उठाना काफी नहीं है।

# नाटो रोमानिया के साथ खड़ा है: मार्क रूटे

## महासचिव का यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों व रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया

**ब्रुसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने रोमानिया की सुरक्षा और संप्रभुता का पूरा समर्थन करते हुए कहा है कि नाटो रोमानिया के साथ दृढ़ता से खड़ा है। गौरतलब है कि उनका यह बयान पूर्वी यूरोप में बढ़ते सुरक्षा खतरों और रूस के साथ जारी तनाव के बीच आया है।

उन्होंने यह बात तब कही जब शुक्रवार तड़के देश के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से गलाती शहर में एक रूसी ड्रोन घुस आया, जो एक रिहायशी इमारत से टकराकर गिर गया और दो लोगों को घायल कर गया। रुटे ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की



■ रूटे रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से बात की और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया

और उन्हें रोमानिया के साथ नाटो की एकजुटता का आश्वासन दिया। रुटे ने कहा कि मैंने इस बात की पुष्टि की कि नाटो अपने सहयोगी देशों के क्षेत्र के हरेक इंच की रक्षा करने को तत्पर है। हम ड्रोन सहित किसी भी खतरे को रो. कने और उससे बचाव के लिए अपनी तैयारी को लगातार बढ़ाते रहेंगे। रूसी ड्रोन से दो लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि अन्य लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। डेन्यूब नदी के किनारे स्थित गलाती शहर मोल्दोवा और यूक्रेन की सीमाओं के करीब है। रुटे ने इस घुसपैठ के लिए रूस को दोषी ठहराते हुए कहा कि उस देश का 'लापरवाह रवैया' हम सभी के लिए एक खतरा है। उन्होंने कहा कि वह पूरे यूक्रेन में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना जारी रखे हुए है और पिछली रात की घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि उनके अवैध और आक्रामक युद्ध के परिणाम केवल सीमा तक ही सीमित नहीं रहते। वहीं रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन ने कहा कि उन्होंने आज इस घटना पर चर्चा करने के लिए नाटो की राष्ट्रीय रक्षा सर्वोच्च परिषद की बैठक बुलाई है। उन्होंने इस घटना को 2022 में यूक्रेन पर रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से रोमानिया के राष्ट्रीय क्षेत्र पर असर डालने वाली सबसे 'गंभीर' घटना बताया है। उन्होंने कहा कि हम रूसी संघ के संबंध में उचित कदम उठाने का आदेश देंगे।

## यूरोप के ज्यादा ठंडे मुल्कों में आइसक्रीम की दीवानगी

**बर्लिन।** हर साल, यूरोपीय देश 3.3 अरब लीटर से अधिक आइसक्रीम का उत्पादन करते हैं और इस दौड़ में सबसे बड़े उत्पादक के रूप में जर्मनी सबसे आगे है।दिलचस्प बात यह है कि यूरोस्टेट और उद्योग की रिपोर्टों के आंकड़ों से पता चलता है कि आइसक्रीम के सबसे बड़े उपभोक्ता भूमध्यसागरीय (मेडिटेरेनियन) क्षेत्रों में नहीं, बल्कि उत्तरी और पूर्वी यूरोप के उन देशों में है, जहां कड़ाके की ठंड पड़ती है। यही वजह है कि पोलैंड प्रति व्यक्ति सालाना 16 किलोग्राम की आश्चर्यजनक खपत के साथ सबसे आगे है। स्वीडन और फिनलैंड के निवासी भी पोलैंड से ज्यादा पीछे नहीं हैं, जो सालाना 11 से 14 लीटर के बीच आइसक्रीम खाते हैं, जबकि जर्मनी में एक औसत व्यक्ति हर साल लगभग आठ लीटर आइसक्रीम खा जाता है। मोटे तौर पर इसका अर्थ यह हुआ कि 115 से 160 स्कूप। जब खाने की आदतों की बात आती है तो जर्मन लोग घर पर आइसक्रीम खाना पसंद करते हैं, जो महीने में औसतन पांच बार होता है, जबकि इटली और स्पेन के लोग का झुकाव बाहर जाकर जेलाटेरिया और पार्लरों में आइसक्रीम खाने में दिखता हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108